दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



जब गले में फील हो दर्द और खराश



ऐसे रिमूव करें मेंटल क्लटर

वर्ष : 12 | अंक : 224 | लखनऊ, 07 अगस्त, शुक्रवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

संसद के मानसून सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध जारी

# 2 दिन में दूसरी बार मिले रिजिजू-राहुल, परिसीमन बिल पर मांगा समर्थन

## हंगामे के बीच लोकसभा में 'टैक्सेशन एंड अदर लॉज (अमेंडमेंट) बिल पास

### अब तक की यह तीसरी मुलाकात रही

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

संसद के मानसून सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध जारी है। गतिरोध को खत्म करने अब सरकार सीधे विपक्ष से बात कर रही है। सरकार नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के संपर्क में है। बताया जा रहा है कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और राहुल गांधी के बीच फिर बात हुई है। सत्र के दौरान सरकार और राहुल गांधी के बीच यह तीसरी बातचीत थी। इससे पहले बुधवार को भी रिजिजू और राहुल गांधी के बीच बातचीत हुई थी। सत्र में अब एक हफ्ता ही बचा और सरकार परिसीमन बिल लाना चाह रही है।



मंत्री किरेन रिजिजू और एलओपी राहुल गांधी

### संसद में प्रश्नकाल भी नहीं चल सका

गुरुवार को लोकसभा की कार्यवाही फिर हंगामे की भेंट चढ़ गई।



अध्यक्ष ओम बिरला की बार-बार शांति बनाए रखने की अपील के बावजूद विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी थमने का नाम नहीं ले रही थी। नतीजतन सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

### विपक्ष जान-बूझकर संसद का कामकाज नहीं होने दे रहा: रिजिजू

रिजिजू ने राम मंदिर चंदे के मुद्दे पर विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस, सीबीआई और सपा भगवान राम का लगातार विरोध कर रही हैं। विपक्ष के चंदा चोरी नाटक का जिक्र करते हुए कहा कि इससे देशभर के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।

### अब 2000 रुपए से ज्यादा की यूपीआई पेमेंट पर लगेगा चार्ज

लोकसभा में बिना बहस के 'टैक्सेशन एंड अदर लॉज (अमेंडमेंट) बिल' पास कर दिया गया है। अब 2000 से अधिक के यूपीआई पेमेंट पर अधिभार लगेगा।

**गृह मंत्री गायब, पीएम आ नहीं रहे**



### शाह बर्बरता पर दें जवाब: खरगे

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र के साथ पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा 15 दिन से सदन चल रहा है और गृह मंत्री गायब हैं। शाह जवाब दें।

**गलत बातें फैला रहे राहुल और खरगे**

### शाह बहस को तैयार, भाग रहा विपक्ष

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि दोनों नेता गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ झूठी बातें फैला रहे हैं। विपक्ष जानबूझकर संसद में हंगामा कर रहा है। वह मुद्दों पर बहस करने से बच रहा है। सदन चलने पर वे हर सवाल का जवाब देने को तैयार हैं।



**एटीएफ में इथेनॉल मिलाने वाले दावे गलत**

### मंत्री नायडू बोले- ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं



हवाई जहाज चलाने के लिए इस्तेमाल होने वाले फ्यूलएटीएफ (विमान ईंधन) में इथेनॉल मिलाने वाले दावे को सरकार ने पूरी तरह से खारिज कर दिया है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि एटीएफ में इथेनॉल मिलाने का दावा पूरी तरह से गलत और गैर-जिम्मेदाराना है।

## खबर संक्षेप

### छात्रसंघ चुनाव की मांग पर टकराव, कार्यकर्ता भिड़े



**उदयपुर।** यहां के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव बहाल करने की मांग को लेकर प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी और एनएसयूआई कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। आर्ट्स कॉलेज के मुख्य गेट से शुरू हुआ विवाद कुलपति तक पहुंच गया। दोनों संगठनों के बीच धक्का-मुक्की की नौबत आ गई।

### आसाराम को राहत अंतरिम जमानत नहीं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे स्वयंभू धर्मगुरु आसाराम को अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। उन्हें एक प्रशिक्षित केयरटेकर रखने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने सुनवाई करते हुए उसे फिलहाल लंबित रखा।

### प्रेमानंद के लिए 1000 कीलों पर दंडवत कांवड़



**शाहजहांपुर।** पवित्र सावन में आस्था का एक अद्भुत स्वरूप शाहजहांपुर में देखने को मिल रहा है। जैतीपुर क्षेत्र के ग्राम पहरा निवासी सोनू यादव ने प्रेमानंद महाराज के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए अनोखी कांवड़ यात्रा शुरू की है। वह 1000 लोहे की कीलों पर दंडवत प्रणाम करते हुए यह कठिन यात्रा कर रहे हैं। इस पर लोग अचंभित हैं।

### पंजाब में बिना अनुमति पेड़ काटा तो जुर्माना



**चंडीगढ़।** पंजाब में बिना अनुमति पेड़ काटने पर सख्त कार्रवाई होगी। नए 'पंजाब प्रोटेक्शन ऑफ ट्रीज बिल' के तहत, काटे गए हर एक पेड़ के बदले 10 पौधे लगाना अनिवार्य है। बिना अनुमति पेड़ काटने पर 10 हजार से लेकर 50 हजार तक का जुर्माना लग सकता है। राज्य सरकार और एनजीटी पर्यावरण संरक्षण को लेकर सख्त हैं।

### अतीक के छोटे बेटे अबान की भी मौत



**झांसी।** मारे गए माफिया डॉन अतीक अहमद के परिवार का बुरा दौर खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। कभी प्रयागराज में जिस परिवार के नाम से लोग कांपते थे, आज उसका वजूद लगभग मिट चुका है। गुरुवार को सबसे छोटे बेटे अबान की झांसी में सड़क हादसे में मौत हो गई है।

### प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में 2 अहम फैसले लिए गए

# असम में एनएच-15 पर बनेगा 4-लेन हाईवे 'गोबरधन' योजना से किसान होंगे लाभान्वित



यह प्रोजेक्ट एनएचओ के तहत 8970.20 करोड़ की लागत से 'बिल्ट-ऑपरेट-ट्रांसफर' टोल मोड पर डेवलप होगा। इसमें तेजपुर बाइपास पर 4.9 किमी लंबा इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी का निर्माण होगा।

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने गुरुवार को कई अहम और बड़े प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दे दी। कैबिनेट ने असम में एनएच-15 पर गुवाहाटी के पास बैहाटा चारियाली से तेजपुर तक 4-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड गुवाहाटी-तेजपुर कॉरिडोर बनाने को मंजूरी दी है। बैहाटा चारियाली से तेजपुर तक बनाए जाने वाले इस 4-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड हाईवे की लंबाई 135.871 किमी होगी। यह प्रोजेक्ट एनएचओ के तहत 8970.20 करोड़की कुल लागत से 'बिल्ट-ऑपरेट-ट्रांसफर' टोल मोड पर डेवलप किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट में तेजपुर बाईपास पर 4.9 किमी लंबा एक इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी का निर्माण भी शामिल है, जिसे भारतीय वायु सेना के साथ मिलकर अंतिम रूप दिया गया है।

**केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने दी फैसलों की जानकारी**

**योजना को भारतीय वायु सेना के साथ मिलकर अंतिम रूप दिया गया**



### 15 बड़े पुल, 30 छोटे पुल, 19 फ्लाईओवर और 1 हाथी अंडरपास बनाने का प्रावधान

इसके अलावा प्रोजेक्ट में 15 बड़े पुल, 30 छोटे पुल, 19 फ्लाईओवर और 1 हाथी अंडरपास (तेजपुर बाइपास में) बनाने का प्रावधान है। चूंकि इस प्रोजेक्ट को एक्सेस-कंट्रोल्ड बनाया जा रहा है, इसलिए ट्रैफिक की आवाजाही बनाए रखने के लिए 46 अंडरपास, 19 फ्लाईओवर और 210 किमी सर्विस रोड का निर्माण भी किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट से यात्रा का समय आधा हो जाएगा, सड़क सुरक्षा बेहतर होगी, ईंधन की बचत होगी और गाड़ी चलाने का खर्च भी कम होगा।

### कम्प्रेस्ड बायोगैस को विस्तार देने मजबूत ढांचा मुहैया होगा

योजना के तहत कृषि अपशिष्ट, पशुओं का गोबर, गन्ने की खोई, शहरी जैविक कचरा और अन्य बायोमास संसाधनों को स्वच्छ ईंधन, जैविक खाद, ग्रामीण आय और राष्ट्रीय आर्थिक मूल्य में बदला जाएगा। सरकार ने कहा कि सुनिश्चित मांग, आकर्षक एवं स्थिर मूल्य निर्धारण, पूंजीगत सहायता, पाइपलाइन अवसंरचना, ऋण समर्थन और प्रौद्योगिकी विकास जैसे उपायों के जरिये ये योजना कम्प्रेस्ड बायोगैस क्षेत्र को राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार देने मजबूत एवं स्पष्ट ढांचा मुहैया होगा।

### 23,731 करोड़ की गोबरधन योजना को मंजूरी

मंत्रिमंडल ने गुरुवार को देश में बायोगैस उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 23,731 करोड़ रुपए के प्रावधान वाली राष्ट्रीय एकीकृत योजना 'गोबरधन' को मंजूरी दे दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया के साथ बातचीत करते हुए बताया कि 'गोबरधन' योजना को 2026-27 से 2035-36 तक लागू



किया जाएगा और इसका उद्देश्य कम्प्रेस्ड बायोगैस को देश के भविष्य के ऊर्जा मिश्रण का एक प्रमुख स्तंभ बनाना है।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा लाभ

यह योजना किसानों, सहकारी समितियों, फीडस्टॉक आपूर्तिकर्ताओं और ग्रामीण उद्यमियों के लिए आय के नए अवसर पैदा करेगी। साथ ही कृषि अवशेष, गोबर और शहरी जैविक कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा।

### सीबीजी उत्पादन को बढ़ाया जाएगा

यह योजना वित्त वर्ष 2026-27 से 2035-36 तक लागू रहेगी और भारत की ऊर्जा व्यवस्था में संपीड़ित बायोगैस को एक प्रमुख स्तंभ के रूप में स्थापित करेगी। सरकार का लक्ष्य इस योजना के माध्यम से देश में सीबीजी उत्पादन को करीब 10 गुना बढ़ाना, निजी निवेश आकर्षित करना और सर्कुलर बायोइकोनॉमी को मजबूत करना है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा संचालित इस योजना के तहत सीबीजी उत्पादकों को सुनिश्चित बाजार, स्थिर मूल्य, पूंजी सहायता दी जाएगी।

**योजना के 6 प्रमुख घटक**

1. सुनिश्चित सीबीजी खरीद
2. स्थिर मूल्य व्यवस्था
3. पूंजी सहायता
4. पाइपलाइन अवसंरचना का विकास
5. क्रेडिट गारंटी सुविधा
6. सीबीजी इकोसिस्टम

प्रयागराज में कल होनी थी सभा

# कार्यक्रम की मंजूरी नहीं, आवाज उठाने से रोक नहीं सकते: राहुल

'छात्रों की गूंज' को मंजूरी आखिरी समय में रद्द कर दी

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर सियासी विवाद तेज हो गया है। 8अगस्त को प्रयागराज के केपी ग्राउंड में होने वाले इस कार्यक्रम की मंजूरी आखिरी समय में रद्द कर दी गई। राहुल ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें छात्रों के हक की आवाज उठाने से कोई नहीं रोक सकता। अनुमति रद्द होने के पीछे कायस्थ पाठशाला ट्रस्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश, लगातार बारिश से जलभराव और जिला प्रशासन से अंतिम मंजूरी नहीं मिलने का हवाला दिया है। इसमें पेपर लीक, फीस बढ़ोतरी, सीटों में कटौती और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर चर्चा होनी थी।

**प्रियंका ने केंद्र पर साधा निशाना**

### 'किस बात का डर?



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने प्रयागराज में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के लिए स्थल की अनुमति नहीं मिलने की आलोचना की। उन्होंने कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि प्रशासन इस कार्यक्रम से किस बात से डर रहा है। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को संबोधित एक पत्र में, कायस्थ पाठशाला के कार्यवाहक अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि यह निर्णय प्रधानाध्यापक की जानकारी के बाद और उच्च न्यायालय के आदेश पर रद्द की है।

### सरकार एथेनॉल 50 फीसदी तक बढ़ाएगी

**ई-20 पर विवाद**



आपके राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और भाजपा के आईटी विभाग प्रमुख अमित मालवीय के बीच एक्स पर तीखी बहस सामने आई। केजरीवाल ने केंद्र पर डीजल और विमानन टरबाइन ईंधन में एथेनॉल मिश्रण करने की योजना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि सरकार ई20 ईंधन के बाद पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण 50 फीसदी से अधिक बढ़ाएगी। केजरीवाल ने नए पेट्रोल और डीजल वाहन खरीदने से बचने का आग्रह किया।

### ई 20 से आगे कोई फैसला नहीं लिया गया



भाजपा आईटी सेल के अमित मालवीय ने केजरीवाल के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि केंद्र ने ई20 से आगे मिश्रण बढ़ाने का कोई निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने केजरीवाल के तर्क को तथ्यों के बजाय भय पर आधारित बताया। ई20 बिना वैज्ञानिक स्टडी के लागू नहीं किया था।

जेपीएससी-जेएसएससी में गड़बड़ी पर आंदोलन

# सरकार से बातचीत के लिए डेलिगेशन किया तय 8 छात्र, 1 वकील और 2 एक्सपर्ट करेंगे बात

### सभी मांगें और तथ्य केवल छात्र प्रतिनिधि सरकार के सामने रखेंगे

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

जेपीएससी और जेएसएससी समेत विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं को लेकर रांची के जयपाल सिंह स्टेडियम में छात्र आंदोलन के बीच सरकार से वार्ता को लेकर बड़ी खबर है। छात्रों ने प्रतिनिधिमंडल की सूची जारी की है। इससे राज्य सरकार के साथ बातचीत होगी। प्रतिनिधिमंडल में 8छात्र प्रतिनिधियों के अलावा 2पत्रकार और 1 वकील को शामिल किया गया।

**माइक, कैमरा, रिकॉर्डिंग डिवाइस बैन**



आंदोलनकारियों ने कहा कि पत्रकार और कानूनविद केवल अभिभावक एवं मार्गदर्शक की भूमिका में रहेंगे। बैठक के दौरान किसी भी मुद्दे, मांग या तथ्य को केवल छात्र प्रतिनिधि ही सरकार के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। पत्रकार और कानूनविद बयान नहीं देंगे। बैठक में माइक, कैमरा, रिकॉर्डिंग डिवाइस बैन रहेंगा।

### आंदोलनकारी छात्रों ने मांगा हेमंत का इस्तीफा, वे पद के लिए अयोग्य

झारखंड में विरोध-प्रदर्शन गुरुवार को 13वें दिन में प्रवेश कर गया। उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर छह प्रदर्शनकारी भी आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। वहीं सरकार की ओर से गंभीरता नहीं दिखाने पर अब आंदोलनकारी छात्रों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इस्तीफे की मांग कर दी है। राज्य सरकार उनकी मांगों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रही है।

# 20 दिन में 8 जगह धंसी सड़क



**लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे**

**नई दिल्ली।** कानपुर एक्सप्रेसवे के लगातार धंसने पर एनएचएआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए परियोजना निदेशक नकुल प्रकाश वर्मा को हटा दिया। निर्माण कंपनी पीएनसी इंफ्राटेक पर भी कार्रवाई शुरू हुई है। मरम्मत पूरी होने तक एक्सप्रेसवे टोल फ्री रहेगा और गुणवत्ता की जांच आईआईटी खड़गपुर करेगा। अगस्त के पहले हफ्ते तक एक्सप्रेसवे आठ स्थानों पर उखड़ा और धंसा।

कॉकरोच जनता पार्टी के दीपके का नया ऐलान

# सीजेपी शुरू करेगी 'क्या बोलती पब्लिक' अभियान

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

कॉकरोच जनता पार्टी( सीजेपी) की कोर टीम की बैठक गुरुवार को खत्म हो गई है। मीडिया को संबोधित करते हुए सीजेपी का फाउंडर अभिजीत दीपके ने बड़ा ऐलान किया है।दीपके ने कहा है कि सीजेपी सितंबर से एक अभियान शुरू करगी जिसका नाम होगा 'क्या बोलती पब्लिक'। इसके माध्यम से देशभर में लोगों से संवाद किया जाएगा और उनकी समस्याओं को जाना जाएगा। इस दौरान पता चलेगा कि जनता को किन मुद्दों का सामना करना पड़ रहा है?



**अब लोग सड़कों पर उतरेंगे**

दीपके ने कहा कि लोगों के मन से डर खत्म हो गया है। अब लोग सड़कों पर उतरेंगे। आज उन्होंने एक व्यक्ति का इस्तीफा मांगा है। कल वे अन्य व्यक्तियों का भी इस्तीफा मांगेंगे। हमारी विचारधारा वही है जो भारत के संविधान की है।

### बेरोजगारी को देशव्यापी मुद्दा बनाएंगे

दीपके ने आगे कहा कि देश में बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है और इसे देशव्यापी मुद्दा बनाया जाएगा। हम एजुकेशन सिस्टम में सुधार के लिए भी काम करेंगे। शिक्षा मुनाफा कमाने का कारोबार बन गई है।

**दीपके के घर के बाहर दो युवकों का धरना**

### हमें दूसरा केजरीवाल नहीं चाहिए

छात्र आंदोलन से जुड़े होने का दावा करने वाले दो युवकों ने दीपके के घर के बाहर धरना दिया और आरोप लगाया कि उन्हें कोर टीम की बैठक में शामिल होने या अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया गया। युवकों की पहचान मनीष ब्रह्मभट्ट और राहुल पंड्या के रूप में हुई है।

**गालियों वाले वीडियो पर बोले वांगचुक**

### मैं 'अपशब्दों' को कतई मंजूरी नहीं देता



नीट पेपर लीक के विरोध में जंतर-मंतर पर हुए प्रोटेस्ट के दौरान प्रधानमंत्री और सरकार को अपशब्द कहने के कई वीडियो वायरल हैं। इन वीडियो की भाषा को लेकर जब पर्यावरणविद और एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक से सवाल किया गया तो उन्होंने अपशब्दों पर आपत्ति जताई।

पेपर लीक मामले में वकीलों को फटकार

# जज बोले- हर मिनट अहम आप 10 बजे कोर्ट में ही रहें

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

नीट यूजी पेपर लीक मामले की सुनवाई के दौरान दिल्ली की फास्ट-ट्रैक कोर्ट में चल रही है। बचाव पक्ष के कुछ वकीलों के सुबह 10 बजे समय पर नहीं पहुंचने पर अदालत ने नाराजगी जताई। अदालत ने सभी वकीलों को रोजाना समय पर उपस्थित रहने और भविष्य में किसी भी तरह की देरी से बचने का निर्देश दिया। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश अजय गुप्ता ने कहा कि कृपया मेरी चिंता को समझिए। यहां हर मिनट अहम है। जब मैं पहले इस मामले की सुनवाई कर रहा था तब



इसे जल्द निपटाने के कोई निर्देश नहीं थे। आप सभी को सुबह ठीक 10 बजे अदालत में मौजूद रहना चाहिए। यह सिलसिला ऐसे नहीं चल सकता। आज मैं मामले की सुनवाई 11 बजे तक स्थगित कर रहा हूं। सुनवाई के दौरान नाराजगी जताते हुए जज ने कहा कि ये सही नहीं है कि वकील समय से न हो।

## स्कूली वैन चालक को कार सवार लोगो ने पीटा, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा गाँव में रहने वाले स्कूली वैन के चालक छोटे लाल यादव ने लकी यादव, अंशुमान सिंह, आकाश सिंह, हिमांशु सिंह, रजत सिंह और 12 से 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है है। छोटेलाल यादव का कहना है कि 5 अगस्त को सुबह करीब 11:30 बजे वह स्कूली वैन से बच्चों को लेकर जा रहा था। आरोप है कि तभी रास्ते में थार, स्कॉर्पियो, स्कॉर्पियो-एन और एक्सयूवी-300 से पहुंचे लोगों ने उसकी वैन रुकवा ली। इसके बाद लकी यादव, अंशुमान सिंह, आकाश सिंह, हिमांशु सिंह, रजत सिंह समेत 12 से 15 अज्ञात लोगों ने उसके, उसके बड़े बेटे आदर्श यादव और चालक गोविंद रावत के साथ मारपीट की। आरोप है कि हमलावरों ने आदर्श के सिर पर धारदार हथियार से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। भीड़ जुटने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। फिलहाल बंथरा पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## चोरों ने सड़क किनारे खड़ी कार को किया पार, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर क्षेत्र में बीते दिनों सड़क किनारे खड़ी एक कार चोरी हो गयी। काफी खोजने के बाद गाड़ी मालिक महिला ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनी नगर के सेक्टर-एफ, एलडीए कॉलोनी, कानपुर रोड निवासी ज्ञानवती पत्नी स्व. सूर्य बक्श सिंह के मुताबिक उनके बेटे रमाशंकर सिंह ने 23 जुलाई 2026 की रात करीब 11:30 बजे कार (यूपी32ईएन1327) को पार्किंग नंबर-02 के पास एसके पैलेस के सामने सड़क किनारे खड़ा किया था। अगले दिन 24 जुलाई की सुबह जब वह वाहन लेने पहुंचे तो कार वहां से गायब मिली। तब परिजनों ने अपने स्तर पर आसपास काफी तलाश की, लेकिन कार का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर वाहन चोरी की शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के सहारे कार चुराने वालों की तलाश शुरू कर दी है।

## महिला ने मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के लोनहा गांव में रहने वाली महिला संजू ने अपने पड़ोसी दीपांशु के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। संजू पत्नी राजू गौतम का कहना है कि पड़ोस में रहने वाला दीपांशू पुत्र विमल गौतम नशे का आदी है। संजू का आरोप है कि बुधवार शाम करीब 4:30 बजे दीपांशु बिना किसी कारण गाली-गलौज करने लगा। संजू ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की। आरोप है कि शोर सुनकर जब महिला का बेटा हीरा और बेटी महक बीच बचाव करने पहुंची तो आरोपी ने उनसे भी गाली गलौज कर मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि जाते समय आरोपी ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। तब पीड़ित ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी। उसका कहना है कि इस मारपीट में उसे और उसकी बेटी महक को चोटें आई हैं। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से गोवंश गंभीर घायल, पुलिस की तत्परता से बची जान



गोवंश को गौशाला पहुंचते हुए

**भतोइया के पास हादसे के बाद पुलिस, गौसेवकों और ग्रामीणों ने कराया उपचार, गौशाला भेजा गया; हाईवे पर छुट्टा पशुओं की समस्या पर उठे सवाल**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लखनऊ-हरदोई हाईवे पर गुरुवार रात रहीमाबाद थाना क्षेत्र के भतोइया गांव के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक छुट्टा गोवंश गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। दुर्घटना के चलते कुछ देर के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया, घटना की सूचना मिलते ही हल्का प्रभारी उपेंद्र यादव कांस्टेबल ओम प्रकाश यादव के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने गौसेवकों और ग्रामीणों के सहयोग से घायल गोवंश को सुरक्षित सड़क किनारे करा पशु चिकित्सकों टीम को मौके पर बुलाकर घायल गोवंश का प्राथमिक उपचार कराया गया। उपचार के उपरांत पुलिस और ग्रामीणों ने संयुक्त प्रयास से वाहन की व्यवस्था कर उसे नजदीकी गौशाला भेजा, जहां उसका आगे का उपचार और देखभाल की जा रही है।

पुलिस की त्वरित कार्रवाई और संवेदनशीलता की स्थानीय लोगों ने सराहना की। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस और गौसेवक मौके पर नहीं पहुंचते तो घायल गोवंश की जान बचाना मुश्किल हो सकता था। ग्रामीणों ने लखनऊ-हरदोई हाईवे पर बढ़ती छुट्टा पशुओं की समस्या पर भी चिंता जताई। उनका कहना है कि इस संबंध में कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। इसके कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें गोवंश के साथ-साथ राहगीर भी घायल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से हाईवे पर घूम रहे छुट्टा पशुओं के संरक्षण और सुरक्षित व्यवस्थापन के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

# डीसीएम, कंटेनर से टकराई, चालक और क्लीनर की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीती रात किसान पथ पर एक बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में एक डीसीएम आगे जा रहे कंटेनर में अचानक भिड़ जाने के कारण डीसीएम के चालक और क्लीनर की मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक बुधवार रात करीब 11 बजे हरदोई रोड की ओर से एक कंटेनर किसान पथ होते हुए बिजनौर की तरफ जा रहा था। उसके पीछे एक डीसीएम भी चल रही थी। दोनों गाड़ियां काफी तेज रफ्तार में थी। इसी दौरान सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में पिपरसण्ड गांव स्थित गहरु अंडरपास के पास किसान पथ पर सड़क किनारे एक डीसीएम खराब खड़ी थी। जिसके चक्कर में कंटेनर चालक ने अचानक ब्रेक लिया। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम कंटेनर में जा घुसी। इस हादसे में डीसीएम का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसका चालक जालौन जिले के कुठौंद थाना अंतर्गत बरियारपुर निवासी शैलेंद्र पुत्र वकील (39) व उसी के गांव का रहने वाला क्लीनर राजा भैया पुत्र स्व. लाल जी (35) दोनों अपनी डीसीएम के केबिन में फंस गए। बाद में रहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस और फायर कंट्रोल रूम को दी। सूचना के बाद सरोजनी नगर फायर स्टेशन से एफएसओ सुमित प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक दमकल गाड़ी और रेस्क्यू यूनिट के साथ पहुंची फायर टीम ने उन्हें बाहर निकालने की कोशिश की। लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इसके बाद आलमबाग से एक रेस्क्यू यूनिट और हजरतगंज से एमडीआरवी को बुलाया गया। साथ ही एसडीआरएफ टीम भी पहुंची। जिसके बाद दोनों टीमों ने डीसीएम का केबिन काटकर डीसीएम चालक और उसके क्लीनर को बाहर निकाला। लेकिन वह बुरी तरह लहू लुहान हालत में थे। आनन-फानन उन्हें लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है।

# युवती की ट्रेन से कटकर मौत, परिवार में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ईसापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास बुधवार रात एक युवती की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में युवती के काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस की चपेट में आने की आशंका जताई गई है।

पुलिस के अनुसार, बुधवार रात करीब नौ बजे मलिहाबाद रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर ने सूचना दी कि रेलवे किलोमीटर संख्या 1101/4 पर एक युवती का शव ट्रैक पर पड़ा है। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिंह भाटी के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर शव बुरी तरह क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। युवती का सिर धड़ से अलग था और दाहिना पैर घुटने के नीचे से कट गया था। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की।



मृतका सुधा फाइल – फोटो

शुरूआत में शव की पहचान नहीं हो सकी, लेकिन बाद में स्थानीय लोगों की मदद से मृतका की पहचान सुधा उर्फ शिवकली (23) पुत्री कल्लू रावत निवासी ग्राम गोस्वा, थाना रहीमाबाद के रूप में हुई।

मृतका के पिता कल्लू रावत ने बताया कि उनकी बेटी लंबे समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ थी और अक्सर बिना बताए घर से निकल जाती थी। बुधवार शाम परिवार के लोग खेत पर काम करने गए थे। इसी दौरान वह घर से निकलकर ईसापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंच गई। आशंका है कि हरदोई की ओर से आ रही काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के परिवार में माता सियादुलारी, पिता कल्लू रावत, दो भाई सूरज और दीपक और एक बहन नीलम है जिनका रो रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिंह भाटी ने बताया कि प्रथम द्दष्टया मामला ट्रेन की चपेट में आने से मौत का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## चोरों ने मकान के दरवाजे का कुंडा काटकर नगदी और सोने की चेन करी पार

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बुधवार रात चोरों ने एक किराना दुकानदार के मकान के दरवाजे का कुंडा काटकर अंदर रखी हजारों रुपए की नगदी और कीमती सोने की चेन पार कर दी। गुरुवार सुबह जानकारी होने के बाद पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस जांच पड़ताल करने के बाद सीसीटीवी कैमरों के सहारे चोरों का सुराग लगा रही है। बंथरा के गढ़ी गांव में परिवार सहित रहने वाले राजकुमार का एक मकान गांव से करीब 1 किलोमीटर दूर बंथरा - गढ़ी चुनौटी रोड पर गढ़ी चौराहा के पास है। राजकुमार इसी मकान के अगले हिस्से में परचून की दुकान चलाते हैं। राजकुमार का कहना है कि रोज की तरह बुधवार शाम भी वह अपनी दुकान बंद कर गढ़ी स्थित अपने घर चले गए। गुरुवार सुबह करीब 8 बजे जब दुकान खोलने पहुंचे तो बाहर के गेट की कुंडी के अलावा अंदर कमरों के दरवाजों की कुंडी कटी मिली। अंदर जाकर देखा तो अलमारी में बच्चों की फीस के लिए रखे 50 हजार रुपये और 10 ग्राम सोने की चेन के अलावा राजकुमार के पिता सरदार के कपड़ों की जेब में रखें साढ़े 3 हजार रुपये गायब मिले। यह देख राजकुमार के होश उड़ गए। उन्होंने आनन-फानन इसकी सूचना डायल 112 पर दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करने के साथ पीड़ित की तहरीर परसीसीटीवी कैमरों के सहारे चोरों का सुराग लगा रही है।

## ऐशबाग जलकल मुख्यालय में आधुनिक वाटर टेस्टिंग लैब शुरू

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। शहरवासियों को उपलब्ध कराए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता की निगरानी अब और बेहतर तरीके से हो सकेगी। शुक्रवार को ऐशबाग स्थित जलकल मुख्यालय में नवनिर्मित आधुनिक वाटर टेस्टिंग लैब का उद्घाटन महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल ने किया। अत्याधुनिक उपकरणों से लैस इस प्रयोगशाला में पानी की विभिन्न स्तरों पर जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। नई लैब के माध्यम से शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से लिए जाने वाले पानी के नमूनों की नियमित जांच की जाएगी, जिससे पेयजल की गुणवत्ता पर लगातार नजर रखी जा सकेगी। लैब के उद्घाटन अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि लखनऊ के प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना नगर निगम और जलकल विभाग की प्राथमिकता है। आधुनिक वाटर टेस्टिंग लैब शुरू होने से पानी की जांच प्रक्रिया तेज और प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान यदि किसी क्षेत्र के पानी में गंदापन, क्लोरीन की कमी या हानिकारक बैक्टीरिया जैसी समस्या सामने आती है तो विभाग को समय रहते जानकारी मिल सकेगी और तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जा सकेंगे। नई प्रयोगशाला में पानी के पीएच स्तर, टर्बिडिटी (गंदेपन), टीडीएस और अन्य घुले हुए पदार्थों की जांच की जाएगी। इससे यह पता लगाया जा सकेगा कि पानी में अम्ल या क्षार की मात्रा सामान्य है या नहीं। टर्बिडिटी जांच के जरिए पानी में मिट्टी, धूल या अन्य सूक्ष्म कणों की मौजूदगी का पता लगाया जाएगा। वहीं टीडीएस जांच से पानी में मौजूद नमक, खनिज और अन्य घुले हुए पदार्थों की मात्रा की जानकारी मिलेगी। लैब में पानी में मौजूद क्लोरीन की मात्रा की जांच भी की जाएगी, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि जल को संक्रमण मुक्त रखने के लिए आवश्यक क्लोरीन की मात्रा सही है या नहीं। इसके अलावा पानी में मौजूद हानिकारक सूक्ष्मजीवों और बैक्टीरिया की जांच भी की जाएगी। इससे बीमारी फैलाने वाले तत्वों की पहचान समय रहते हो सकेगी।

# कांवड़ मार्गों पर दौड़ रहीं बाइक एंबुलेंस

### मिनटों में मिल रहा उपचार, 6 प्रमुख रूटों पर 18 बाइक एंबुलेंस तैनात

अमन लेखनी समाचार

**मेरठ।** श्रावण कांवड़ यात्रा में लाखों शिवभक्तों की सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योगी सरकार और मेरठ जिला प्रशासन ने चिकित्सा व्यवस्था को हाईटेक बना दिया है। पहली बार कांवड़ मार्गों पर 18 बाइक एंबुलेंस उतारी गई हैं, जो भीड़भाड़ और संकरे रास्तों में भी कुछ ही मिनटों में कांवड़ियों तक पहुंचकर प्राथमिक उपचार उपलब्ध करा रही हैं। गंभीर स्थिति होने पर तत्काल बड़े अस्पताल तक रेफर करने की व्यवस्था भी की गई है। जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग ने पूरी कांवड़ यात्रा के लिए व्यापक चिकित्सा प्रबंधन तैयार किया है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार सकौती से मोहिउद्दीनपुर तक 6 बाइक एंबुलेंस तैनात की गई हैं। सलावा झाल से सिवालखास पुल तक 4 बाइक एंबुलेंस सेवाएं दे रही हैं। दयावती मोदी एकेडमी से बेगमपुल, बेगमपुल से परतापुर, बेगमपुल से लोहिया नगर सब्जी मंडी तथा हापुड़ अड्डा से माछरा रोड तक 2-2 बाइक एंबुलेंस लगातार गश्त कर रही हैं। इनका उद्देश्य किसी भी बीमार या घायल कांवड़िए तक सबसे पहले पहुंचकर उपचार उपलब्ध कराना है। कांवड़ यात्रा के दौरान कई स्थानों पर भारी भीड़ और यातायात प्रतिबंध के कारण सामान्य एंबुलेंस का पहुंचना कठिन हो जाता है। ऐसे में बाइक एंबुलेंस सबसे प्रभावी साबित हो रही हैं। प्रत्येक बाइक पर प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ और आवश्यक जीवनरक्षक दवाइयां उपलब्ध हैं। सूचना मिलते ही टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर प्राथमिक उपचार देती है और जरूरत पड़ने पर मरीज को एंबुलेंस के माध्यम से उच्च चिकित्सा केंद्र तक पहुंचाने की व्यवस्था करती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामप्रसाद ने बताया कि कांवड़ मार्गों पर 32 हेल्थ कैंप स्थापित किए गए हैं, जहां प्रशिक्षित चिकित्सक, दवाइयां, वैक्सीन कैरियर और आवश्यक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध हैं। इसके अलावा जिले के 25 निजी अस्पतालों में भी बेड आरक्षित किए है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में कांवड़ियों को तुरंत बेहतर उपचार मिल सके। एंटी स्नेक वेनम, डॉग बाइट इंजेक्शन समेत सभी जरूरी दवाइयों की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य विभाग की अलग टीम जिला कंट्रोल रूम से 24 घंटे निगरानी कर रही है। हेल्पलाइन पर सूचना मिलते ही संबंधित बाइक एंबुलेंस और स्वास्थ्य टीम को तत्काल मौके पर भेजा जा रहा है। इसके लिए सभी वाहनों में ईंधन और आवश्यक संसाधनों की पहले से व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। योगी सरकार के निर्देशों और जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की निगरानी में तैयार की गई यह स्वास्थ्य व्यवस्था कांवड़ यात्रा में श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा कवच बनकर उभरी है। तेज, सुलभ और त्वरित चिकित्सा सुविधा के कारण बाइक एंबुलेंस कांवड़ियों के लिए सबसे भरोसेमंद सहारा साबित हो रही हैं।

## सीएम आज अम्बेडकरनगर को देंगे 706.81 करोड़ की सौगात

अमन लेखनी समाचार

- गोविंद साहब से जनकल्याण योजनाओं का होगा शुभारंभ

**लखनऊ/अम्बेडकरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को जनपद अम्बेडकरनगर का दौरा करेंगे। अम्बेडकरनगर तहसील आलापुर अंतर्गत विकासखंड रामनगर स्थित पूर्वांचल के सुप्रसिद्ध धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन स्थल गोविंद साहब में उनका दौरा प्रस्तावित है। इस दौरान वह विधानसभा क्षेत्र टांडा, आलापुर और जलालपुर क्षेत्रों में कुल 706.81 करोड़ रुपये की लागत वाली 194 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा शिलान्यास करेंगे।

मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम में तीनों विधानसभा क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, बिजली, पर्यटन, लोक निर्माण और कौशल विकास सहित अनेक विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं को नई गति मिलेगी। इन परियोजनाओं से स्थानीय लोगों को बेहतर सड़कें, स्वच्छ पेयजल, बिजली आपूर्ति और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

टांडा विधानसभा क्षेत्र में 69 परियोजनाओं पर 217.69 करोड़ रुपये, आलापुर में 75 परियोजनाओं पर 312.18 करोड़ रुपये तथा जलालपुर में 50 परियोजनाओं पर 176.93 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इनमें से शिलान्यास कार्यों की संख्या 36 और लागत 145.98 करोड़ रुपये है, जबकि लोकार्पण कार्यों की संख्या 158 और लागत 560.83 करोड़ रुपये है। इस दौरे से अम्बेडकरनगर में विकास का नया अध्याय शुरू होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार पिछड़े और विकास की प्रतीक्षा कर रहे क्षेत्रों में तेज गति से कार्य कर रही है।

टांडा, आलापुर और जलालपुर जैसे क्षेत्रों में इन परियोजनाओं के पूरा होने से जनजीवन सुगम बनेगा और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल होने वाले हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभा को संबोधित करेंगे तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र एवं प्रमाणपत्र भी वितरित करेंगे। यह दौरा न केवल भौतिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा बल्कि कौशल विकास और पर्यटन जैसे क्षेत्रों को भी नई रफ्तार देगा। मुख्यमंत्री के आगमन से क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। योगी सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के हर कोने तक विकास की किरण पहुंचे। इस कार्यक्रम के माध्यम से लोक निर्माण से लेकर कौशल विकास तक अनेक जनहित कार्यों की एक साथ शुरूआत होगी, जो अम्बेडकरनगर को प्रगति के पथ पर और आगे ले जाएगा। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने बताया कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम स्थल से लेकर सुरक्षा, यातायात, पेयजल, चिकित्सा तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की लगातार समीक्षा की गई है।

## पीपीपी मॉडल पर बनेंगे 18 आधुनिक बस स्टेशन, यूपीएसआरटीसी ने मांगी निविदाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के परिवहन ढांचे को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर 18 प्रीमियम बस स्टेशनों और वाणिज्यिक परिसरों के विकास के लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) के अनुसार इन परियोजनाओं में 1,100 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की संभावना है। योजना के तहत बस स्टेशनों के साथ होटल, फूड कोर्ट, रिटेल शॉप, ऑफिस स्पेस, मल्टीप्लेक्स और अन्य व्यावसायिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सरकार ने निवेशकों के लिए 90 वर्ष तक की कंसेशन अवधि का प्रावधान किया है, जिससे दीर्घकालिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2026 दोपहर 2 बजे निर्धारित की गई है। इच्छुक निवेशक यूपीएसआरटीसी और उत्तर प्रदेश ई-टेंडर पोर्टल से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। फेज-2 में जिन 18 स्थानों पर परियोजनाएं प्रस्तावित हैं, उनमें अकबरपुर, अमेठी, बदायूं, भिनगा, गोंडा, बलरामपुर, बस्ती, गोला, सिधौली, माती, उन्नाव, हैदरगढ़, नहटौर, सराय अकिल, बादशाहपुर, तरवा, पीलीभीत और निचलौल शामिल हैं।

# उच्च शिक्षा संस्थानों में स्थापित होंगी 'भारतीय ज्ञान परंपरा संवर्धन शोधपीठ'

### 50 वर्ष पुराने विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को मिलेगा अवसर, 5,000 से अधिक छात्र संख्या वाले संस्थान होंगे पात्र

अमन लेखनी समाचार

- प्रत्येक शोधपीठ को 5 वर्षों के लिए 2 करोड़ रुपये का एकमुश्त अनुदान, एफडी के ब्याज से होगा शोधपीठों का नियमित संचालन
- दुर्लभ पांडुलिपियों एवं ग्रंथों का होगा डिजिटलीकरण

**लखनऊ।** योगी सरकार भारतीय ज्ञान परंपरा को उच्च शिक्षा के मुख्य प्रवाह में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप राज्य सरकार ने विश्वविद्यालयों तथा राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में भारतीय ज्ञान परंपरा संवर्धन शोधपीठ की स्थापना के लिए विस्तृत नीति और दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा, दर्शन, विज्ञान, संस्कृति और बौद्धिक विरासत को आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार चाहती है कि नई पीढ़ी केवल आधुनिक शिक्षा तक सीमित न रहे, बल्कि भारतीय ज्ञान-विज्ञान, दर्शन और सांस्कृतिक मूल्यों को भी समझे तथा उन पर शोध कर विश्व स्तर पर नई पहचान स्थापित करे।

उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि शोधपीठों की स्थापना के लिए स्पष्ट पात्रता मानक निर्धारित किए गए हैं। केवल वे विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय आवेदन कर सकेंगे, जिनकी स्थापना को कम से कम 50 वर्ष पूरे हो चुके हों। इसके साथ ही संस्थान में वर्तमान छात्र संख्या 5,000 से अधिक होना आवश्यक होगा तथा यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 2(एफ) एवं 12 (बी) के अंतर्गत मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य होगा।

योगी सरकार प्रत्येक चयनित शोधपीठ को पांच वर्षों के लिए 2 करोड़ रुपए का एकमुश्त अनुदान उपलब्ध कराएगी। यह धनराशि सावधि जमा (एफडी) के रूप में सुरक्षित रखी जाएगी तथा उससे प्राप्त ब्याज का उपयोग शोधपीठ के नियमित संचालन, शोध गतिविधियों और अन्य शैक्षणिक कार्यक्रमों में किया जाएगा।

शोधपीठों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर), दान एवं अन्य वैधानिक स्रोतों से भी संसाधन जुटाए जा सकेंगे। पांच वर्ष की अवधि पूर्ण होने पर शोधपीठों के कार्यों की समीक्षा कर आगे विस्तार का निर्णय लिया जाएगा। इन शोधपीठों के माध्यम से पीएचडी, पोस्ट-डॉक्टरेट तथा स्नातक एवं परास्नातक स्तर के शोधार्थियों को शोध अनुदान एवं शैक्षणिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। योजना के अंतर्गत शोध पुस्तकों, अनुवादों और समीक्षात्मक संस्करणों का प्रकाशन अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप ISBN व DOI के साथ कराया जाएगा। साथ ही दुर्लभ पांडुलिपियों, प्राचीन ग्रंथों एवं शोध सामग्री का डिजिटलीकरण कर उनका स्थायी संरक्षण किया जाएगा। शोध निष्कर्षों को ओपन-एक्सेस डिजिटल लाइब्रेरी तथा मॉक्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से देश-दुनिया के विद्यार्थियों एवं शोधकर्ताओं तक पहुंचाया जाएगा।

योजना के सफल संचालन के लिए प्रत्येक संस्थान में कुलपति अथवा प्राचार्य की अध्यक्षता में संचालन समिति गठित की जाएगी। समिति में विषय विशेषज्ञ, वित्त अधिकारी एवं बाह्य विशेषज्ञ शामिल होंगे। शोधपीठ के संचालन के लिए निदेशक/चेयर प्रोफेसर, शोध सहायक, शोध फैलो तथा डिजिटल एवं आईटी विशेषज्ञों की नियुक्ति की जाएगी। शोधपीठों के चयन के लिए निदेशक, उच्च शिक्षा, प्रयागराज की अध्यक्षता में गठित पांच सदस्यीय समिति सभी प्रस्तावों का परीक्षण कर शासन को संस्तुति भेजेगी। स्वीकृति के बाद ही बजट आवंटित किया जाएगा।

## हर विकासखंड में तैयार होंगे मास्टर ट्रेनर

**लखनऊ।** योगी सरकार परिषदीय विद्यालयों में स्थापित स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब और डिजिटल शिक्षण संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा अभियान शुरू करने जा रही है। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड में मास्टर ट्रेनर तैयार किए जाएंगे, जो शिक्षकों को तकनीक आधारित शिक्षण का व्यावहारिक प्रशिक्षण देंगे। इसका उद्देश्य कक्षा शिक्षण को अधिक रोचक, सहभागितापूर्ण और गुणवत्तापूर्ण बनाना है। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि योगी सरकार का लक्ष्य केवल विद्यालयों में स्मार्ट क्लास स्थापित करना नहीं, बल्कि प्रत्येक शिक्षक को डिजिटल शिक्षण में दक्ष बनाना है। जब शिक्षक तकनीक का प्रभावी उपयोग करेंगे, तभी विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण, रोचक और सहभागितापूर्ण शिक्षा पहुंचेगी। यह प्रशिक्षण अभियान राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप डिजिटल शिक्षा को विद्यालयों की नियमित शिक्षण प्रक्रिया का मजबूत आधार बनाएगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी ने इस संबंध में सभी जिलों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रत्येक विकासखंड से एक शिक्षक को संदर्भदाता (मास्टर ट्रेनर) के रूप में नामित किया गया है। इनका राज्य स्तरीय प्रशिक्षण दो चरणों में 27 से 29 जुलाई तथा 4 से 6 अगस्त तक संपन्न हुआ। अब यही मास्टर ट्रेनर अपने-अपने विकासखंडों में शिक्षकों को दो दिवसीय प्रशिक्षण देंगे। प्रत्येक बैच में अधिकतम 50 प्रतिभागी होंगे। प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्री-टेस्ट और पोस्ट-टेस्ट, ऑनलाइन मॉनिटरिंग और एस्केलेशन मैट्रिक्स की व्यवस्था की गई है।

## आगरा में यमुना किनारे 3.46 करोड़ से बनेगा रिवर फ्रंट पार्क

अमन लेखनी समाचार

- झलकारी बाई चौराहे से वेदांत मंदिर तक विकसित होगा नया 'ग्रीन जोन'
- पार्क में मिलेगा 1500 मीटर लंबा पाथवे, ओपन जिम और एम्फीथिएटर

**आगरा।** प्रदेश सरकार राज्य में पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण और शहरी बुनियादी ढांचे के विकास को लेकर लगातार ऐतिहासिक कदम उठा रही है। इसी कड़ी में अब ताजनगरी में यमुना नदी के किनारों को खूबसूरत, प्रदूषण मुक्त और उपयोगी बनाने की बड़ी तैयारी शुरू हो गई है। आगरा के झलकारी बाई चौराहे से लेकर वेदांत मंदिर के पास यमुना किनारे (यमुना बैंक साइड) एक नए और भव्य पार्क का विकास किया जा रहा है। योगी सरकार की इस पहल से शहरवासियों और पर्यटकों को एक बेहतरीन और अत्याधुनिक 'ग्रीन जोन' की सौगात मिलेगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 जुलाई 2026 को किया था।

यमुना किनारे की तस्वीर बदलने वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना को 'अमृत 2.0' योजना के अंतर्गत विकसित किया जा रहा है, जिस पर 3.46 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस बड़ी धनराशि का उपयोग अविकसित और कचरायुक्त क्षेत्र को एक व्यवस्थित, हरे-भरे और आधुनिक सुविधाओं वाले पार्क में तब्दील करने के लिए किया जाएगा। योजना के तहत यहां 1500 मीटर लंबा और 1.5 मीटर चौड़ा सुंदर पाथवे, 200 वर्ग मीटर में ओपन जिम, फाउंटेन, आकर्षक लाइटिंग और बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा छोटे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 300 वर्ग मीटर में 100-150 लोगों की क्षमता वाला एक 'ओपन-एयर एम्फीथिएटर' भी बनेगा, जिसे लाल बलुआ पत्थर की सीटों के साथ डिजाइन किया गया है। पर्यटकों की सुविधा के लिए 200 वाहनों की कार पार्किंग और 1500 मीटर क्षेत्र में मजबूत फेंसिंग भी की जाएगी। सरकार नदियों के संरक्षण (रिवर फ्रंट डेवलपमेंट) पर विशेष जोर दे रही है। साइट पर मौजूद कचरे को हटाकर औपचारिक लैंडफिल में भेजा जाएगा और प्रदूषित क्षेत्र को 'फाइटोरेमेडिएशन' प्रजातियों से आच्छादित किया जाएगा। द्दश्य को बेहतर बनाने के लिए ताजमहल की ओर 'विजुअल कॉरिडोर' खुले छोड़े गए हैं। पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए कैसिया बाइफ्लोरा, बोगनवेलिया, नेरियम ओलियंडर, पाम और बेबी गोल्डन जैसी प्रजातियों का सघन पौधरोपण किया जाएगा।

## संक्षेप

### मंदिर से लौट रही महिला से मारपीट, चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। नगर पंचायत के संदोही नगर निवासी सरोजनी देवी पत्नी दुर्गा प्रसाद सोनी ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर मोहल्ले के चार लोगों पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।पीड़िता के अनुसार, 4 अगस्त की सुबह करीब 6:30 बजे वह मंदिर से पूजा कर घर लौट रही थीं। आरोप है कि रास्ते में मोहल्ले के ही मनारे शर्मा, लल्लू शर्मा पुत्र भगाने शर्मा तथा मनारे की पुत्रियां छाया और मीनाक्षी ने उन्हें रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपितों ने उनके साथ मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई।कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार कटियार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### स्वंतत्रता संग्राम सेनानी की धूम धाम से मनाई जाएगी जयंती

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के हुलासी खेडा गाँव मे स्वत्रंत्रता संग्राम सेनानी व मनीषी कवि प० शिवधार मिश्र की 106 वी जयन्ती 9 अगस्त दिन रविवार को बड़े ही धूमधाम से मनाई जाएगी। आयोजनकर्ता बैसवारा क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्यों ने बताया इस जयंती अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्षता साहित्यकार गणेश नारायण शुक्ल करेंगे जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सी एस पुष्पेंद्र प्रताप सिंह आमंत्रित किया गया है। दोपहर में वाणीपुत्रो में पूर्व प्रधानाचार्य राज बक्स सिंह, डॉ रामनरेश,नशीर अहमद, अंजनी सिंह,अरुण सिंह,सतीश सिंह आदि सुंदर काव्य रचना सुना श्रोताओं को भाव विभोर करेंगे।

### मोबाइल चोर युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के शिवपुरी मजरा टिकरा सामद निवासी चरन लाल पुत्र पुत्तू लाल ने अपना मोबाइल चोरी होने की औरास थाने में 5 अगस्त को तहरीर देकर जनपद लखनऊ के थाना पारा के मोहल्ला बादल खेड़ा निवासी अविनाश सिंह चौहान पुत्र रमेश सिंह चौहान के खिलाफ मोबाइल चोरी की तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर औरास पुलिस ने अविनाश सिंह चौहान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर 6 अगस्त को आरोपी अविनाश सिंह चौहान को थाना क्षेत्र के माखन खेड़ा गाँव के पास से चोरी हुए मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया।

# मुख्य बाजार में नरकीय स्थिति, कीचड़ और गंदगी से राहगीरों का चलना हुआ मुहाल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर की मुख्य बाजार नौनिहालगंज इन दिनों भयंकर बदहाली और लचर प्रशासनिक व्यवस्था की मार झेल रही है। क्षेत्र में हो रही हल्की बरसात और बूंदाबांदी ने यहां की गलियों व रास्तों की सफाई की पोल खोलकर रख दी है। मुख्य मार्ग पर जगह-जगह फैले कीचड़, जलभराव और गंदगी के अंबार ने स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों का जीना मुहाल कर दिया है। स्थिति इतनी दयनीय हो गई है कि पैदल चलना भी खतरे से खाली नहीं बचा है।

नौनिहालगंज बाजार बांगरमऊ का एक अत्यंत व्यस्त और प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है, जहां रोजाना हजारों की संख्या में लोगों का आना-जाना होता है। स्थानीय निवासियों और व्यापारियों का कहना है कि जरा सी बारिश या बूंदाबांदी होते ही पूरी सड़क पर पानी भर जाता है। सीवर और नाले की उचित निकासी न होने के कारण गंदा पानी सड़क पर बहने लगता है, जो कीचड़ के साथ मिलकर दलदल जैसी स्थिति पैदा कर देता है। ?बाजार मार्ग से गुजरने वाले स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और साइकिल-मोटरसाइकिल सवारों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कीचड़ के कारण आए दिन दोपहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। पैदल चलने वालों के कपड़ों पर वाहनों के गुजरने से गंदा पानी और कीचड़ उछलना आम बात हो गई है, जिससे लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ?बाजार में फैली गंदगी और दुर्गंध के कारण ग्राहकों ने इस मार्ग से दूरी बनानी शुरू कर दी है, जिसका सीधा असर स्थानीय दुकानदारों के व्यापार पर पड़ रहा है। दुकानदारों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित बाजार मालिकों, अधिकारियों और नगर पालिका प्रशासन से इस समस्या के स्थायी समाधान की गुहार लगाई, लेकिन हर बार उन्हें केवल कोरे आश्वासन ही मिले। नालियों की समय पर सफाई न होने और सड़कों का निर्माण कार्य अधूरा या लचर होने से यह समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। नगरवासियों और व्यापारियों ने उन्नाव जिला प्रशासन तथा नगर पालिका परिषद बांगरमऊ के जिम्मेदार अधिकारियों से पुरजोर मांग की है कि नौनिहालगंज बाजार की इस मुख्य सड़क पर तत्काल प्रभाव से विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। इसके साथ ही, जलभराव की समस्या से हमेशा के लिए निजात पाने हेतु नालियों के निर्माण और सड़क के सुदृढ़ीकरण का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कराया जाए, ताकि आम जनता को इस नरकीय जीवन से मुक्ति मिल सके।



# डीएम ने बाढ़ संभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। गंगा में जलस्तर बढ़ने के मद्देनजर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने बुधवार को फतेहपुर चौरासी विकास खंड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने काली मिट्टी, शिवराजपुर मार्ग और दबौली के बाढ़ क्षेत्र में पहुंचकर राहत व बचाव कार्यों की तैयारियों का जायजा लिया और उपजिलाधिकारी सदर से आपात स्थिति में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने उपजिलाधिकारी बांगरमऊ बृजमोहन शुक्ला और उपजिलाधिकारी सफीपुर फाल्गुनी सिंह को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए शरणालय स्थलों का चयन पहले से कर लिया जाए। साथ ही पशुओं के लिए भूसा-चारा की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।



उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि मेडिकल टीमें गठित कर सक्रिय कर दी जाएं। चिकित्सा केंद्रों पर एंटी वेनम, डायरिया, बुखार, खांसी-जुकाम सहित आवश्यक दवाओं की उपलब्धता हर हाल में बनी रहे।

जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ क्षेत्र के अंतर्गत क्षतिग्रस्त फसल का सर्वे उपजिलाधिकारी तत्काल कराएं। जलस्तर पर लगातार निगरानी रखी जाए। प्रभावित गांवों के नागरिकों को समय रहते शरणालय में स्थानांतरित करने की व्यवस्था पहले से दुरुस्त की जाए। उन्होंने अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के बाद डीएम ने नागरिकों से अपील की कि बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। किसी को भी असुरक्षित महसूस करने की जरूरत नहीं है। यदि किसी को कोई दिक्कत आए तो वह तत्काल प्रशासन को सूचना दे।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गौड़, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र लाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# नायब तहसीलदार ने पीएचसी केंद्र का किया औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवानीगंज हिलौली का औचक निरीक्षण किया जहां खामियों का भण्डार मिला। नायब तहसीलदार ने एसडीएम को रिपोर्ट दी है। निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभारी मौजूद नहीं थीं। गुरुवार को विकास खण्ड हिलौली के भवानीगंज स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण नायब तहसीलदार भारत सिंह एवं नायब तहसीलदार कृष्णानंद बाजपेई ने एसडीएम के निर्देश पर किया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभारी डॉ० पूजा पाण्डेय मौके पर नहीं मिलीं जबकि दीक्षा सिंह फार्मासिस्ट, गोल्डी यादव एलटी व चतुर्थ श्रेणी के मनोज कुमार उपस्थित मिले। कर्मचारियों ने बताया कि डॉक्टर मैडम आकस्मिक



अवकाश पर हैं। निरीक्षण के दौरान शुद्ध पेयजल की उचित व्यवस्था नहीं मिली। उपस्थित ग्रामीणों ने नियमित चिकित्सक न आने की शिकायत की। यही कारण है कि इलाज के लिए मरीज कम आते हैं। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय लेखपाल नंदलाल भी मौजूद रहे। मौके पर पिण्डुरी के अंकित त्रिपाठी, भवानीगंज से शुभम वर्मा, रमेश, दवा लेने आई सुनीता पत्नी सुनील भवानीगंज आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने गंगा के बढ़ते जलस्तर का लिया जायजा तटवर्तीय ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

अमन लेखनी समाचार

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर उपजिलाधिकारी आनंद नायक ने गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर को मद्देनजर रखते हुए गंगा तट के कई गांव का निरीक्षण किया। उन्होंने मंझा दुलीखेड़ा और बक्सर जैसे संवेदनशील गांवों में गंगा की स्थिति का निरीक्षण किया इसी दौरान एसडीएम ने बताया कि गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है, लेकिन पानी अभी खतरे के निशान से काफी नीचे है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और प्रशासनिक अमला एहतियात के तौर पर पूरी तरह सतर्क है। एसडीएम आनंद नायक ने तटवर्ती गांवों के ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने बाढ़ या जलभराव की स्थिति से निपटने के



लिए प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

ग्रामीणों को निर्देश दिए गए कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचित करें ताकि त्वरित सहायता प्रदान की जा सके। इस निरीक्षण के समय एसडीएम के साथ स्थानीय लेखपाल, पुलिस बल के जवान और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# पौधे लेने जा रहा ट्रैक्टर रजबहा में पलटा चालक घायल




अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में गुरुवार की दोपहर पौधे लादने जा रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर रजबहा में पलट गया जिसकी चपेट में आने से चालक मामूली रुप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी कर दी

औरास थाना क्षेत्र के गांव दिपवल निवासी ट्रैक्टर चालक नारेन्द्र ट्रैक्टर स्वामी अजय के साथ आसीवन थाना क्षेत्र के नादिर खेड़ा गांव में यूकेलिप्टस की पौध लादने जा रहा था तभी गांव के पास बंगला खेड़ा पौशाला संपर्क मार्ग पर ट्रैक्टर घुमाने लगा जिससे वह अनियंत्रित होकर रजबहा में पलट गया गनीमत रही कि चालक उछल कर दूर जा गिरा जिससे उसको मामूली चोट आयी जिसे प्राइवेट अस्पताल में डॉक्टर ने इलाज कर घर भेज दिया वहीं वाहन स्वामी ट्रैक्टर निकलवाने का प्रयास कर रहा है

# अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली रजबहा में पलटी एक मजदूर की मौत दो घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में बुधवार की रात पना पुर कला रसूलाबाद सम्पर्क मार्ग पर ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर रसूलाबाद रजबहा में पलट गयी जिससे ट्राली में बैठा श्रमिक नीचे दब गया और पानी में दम घुटने से उसकी मौत हो गयी जबकि चालक व एक अन्य श्रमिक घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से ट्राली के नीचे दबे श्रमिक को बाहर निकाला और आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

थाना क्षेत्र के अरेर कला गांव निवासी ट्रैक्टर चालक गुड्डू पुत्र राजाराम 42 बुधवार की रात किसी



काम से पनापुर कला गांव जा रहा था साथ मे गांव निवासी श्रमिक नन्हकू पुत्र सुकाली 45 व सरोज पुत्र स्व राम खेलावन 25 थे नन्हकू ट्राली में बैठा हुआ था जबकि चालक गुड्डू के साथ श्रमिक सरोज ट्रैक्टर पर था देर रात गांव से निकल कर रसूलाबाद पनापुर कला सम्पर्क मार्ग पर रसूलाबाद रजबहा की पटरी पर कुशल खेडा गांव के पास पहुंचे थे इसी बीच ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर रसूलाबाद रजबहा में पलट गया जिससे ट्राली में बैठा श्रमिक नन्हकू पानी के बीच ट्राली के नीचे दब गया जबकि ट्रैक्टर चालक व दूसरा श्रमिक घायल हो गए घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्राली को बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी मौत की खबर सुनकर चीख-पुकार मच गयी मृतक खेती किसानी के साथ मजदूरी करता था मृतक के दो बेटे पंकज व दीपांशु एक बेटी सोने श्री है पत्नी मुन्नी पति की मौत से आहत है इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है और आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# डीसीएम व ऑटो की टक्कर आधा दर्जन सवारियां हुई घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज लालगंज हाइवे पर गलत दिशा से सवारियां भर कर जा रहा एक ऑटो कट से मुड़ते समय सामने से आ रही डीसीएम से टकरा कर सड़क पर पलट गया। जिससे उसमें सवार छह यात्री घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी भेजा है।जहां उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई। अचलगंज से आधा दर्जन सवारिया लेकर उन्नाव की और जा रहा ऑटो उन्नाव लालगंज हाइवे स्थित गणेश खेड़ा निकट बने कट को पार करते समय सामने से आ रही डीएसएम से टकरा गया। जिससे उसमें सवार रावतपुर निवासी अशोक यादव , सिकंदरपुर निवासी बिटाना 55 यही की पिंकी 28, रौता पुर निवासी शुभम 17, बेथर निवासी भूपेंद्र यादव 36,व अचलगंज कस्बा निवासी आखिल 18 वर्ष घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती किया गया। उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई।

### उन्नाव लागंज हाइवे पर

**अचलगंज कस्बे से उन्नाव की ओर जाने वाले वाहन समय तथा दूरी बचाने के चक्कर में कुरमा पुर अंडरपास से न जाकर पुराने रायबरेली रोड से कांटी होते हुए शोभा खेड़ा के समीप उल्टी दिशा से हाइवे पर पहुंच रहे है। वहा से लगभग एक किमी विपरीत दिशा में हाइवे पर चलने के बाद गणेश खेड़ा के सामने बने कट से मुड़कर फिर सही लेन पर आते है।ऐसे में आए दिन कोई न कोई हादस होता रहता है। बिल्कुल यही हाल भैंसई नौबस्ता गांव के सामने बने कट की है दोनों जगह पूरे दिन विपरीत दिशा से वाहन चलने के बावजूद पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही है।एस ओ एसएन त्रिपाठी ने बताया कि डीसीएम चालक बाराबंकी के लोनी कटरा थाना के जोराश गांव निवासी राजेश को वाहन समेत पकड़कर थाने लाया गया है।इसपर कार्यवाही की गई है।**

# छापेमारी कर 56 लीटर कच्ची शराब बरामद तीन गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत मौरावां थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र के निर्देश पर आबकारी निरीक्षक निशांत सिंह ने स्थानीय पुलिस के साथ मंगलवार शाम ग्राम शिवपुरा और बरदहा बाजार में दबिश दी। छापेमारी के दौरान टीम ने मौके से कुल 56 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। इस मामले में पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राम नरेश पुत्र स्व. कल्लू निवासी बरदहा, हरिशंकर पुत्र स्व. बनवारी निवासी बैसनखेड़ा मजरा संदाना और किशनपाल पुत्र स्व. गंगाचरण निवासी शिवपुरा के रूप में हुई है।आबकारी निरीक्षक ने बताया कि यह कार्रवाई आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, संयुक्त आबकारी आयुक्त लखनऊ जोन और उप आबकारी आयुक्त लखनऊ के आदेशों के क्रम में की गई है। पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ थाना मौरावां में आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# शिक्षक संघ का ब्लाक इकाई निर्वाचन हुआ सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार

पुरवा-उन्नाव। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई का निर्वाचन गुरुवार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अध्यक्ष वरुण सिंह व मंत्री रमेश कुमार समेत सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गये। अचलगंज मार्ग स्थित एक डिग्री कालेज में उ० प्र० जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ब्लाक इकाई पुरवा के निर्वाचन में नामांकन प्रक्रिया व नाम वापसी की प्रक्रिया चुनाव अधिकारी कमलेश कुमार व पर्यवेक्षक अनूप शुक्ल की देखरेख में सम्पन्न हुई। सभी पदों पर एक-एक नामांकन होने के कारण सभी पदाधिकारियों निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। ब्लाक अध्यक्ष वरुण सिंह महामंत्री रमेश कुमार, उपाध्यक्ष अमित कुमार अवस्थी, राकेश कुमार मिश्रा, सुनील कुमार तथा माहेश्वरी वर्मा, कोषाध्यक्ष आलोक चौरसिया, संयुक्त मंत्री किशन लाल,



विनोद कुमार, राजेश कुमार तथा रेखा, लेखाकार राजकुमार, आय-व्यय निरीक्षक मोहित कुमार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाकर प्रमाणपत्र दिया गया। इसके अतिरिक्त सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा वरिष्ठ शिक्षक मोतीलाल को सर्वसम्मति से ब्लॉक संरक्षक मनोनीत किया गया। उपस्थित शिक्षकों ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा उन्हें शुभकामनाएँ दीं। सभी पदाधिकारियों ने शिक्षक हितों की रक्षा, संगठन की मजबूती तथा विकासखंड के शिक्षकों की समस्याओं के समाधान हेतु समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। इस दौरान जनपदीय अध्यक्ष अनुपम मिश्रा, महामंत्री राम जन्म सिंह, कोषाध्यक्ष सरल कुमार तथा संरक्षक राघवेंद्र सिंह तथा सभी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए नवनिर्वाचित टीम को उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर कार व ट्रक की टक्कर एक की मौत तीन घायल

अमन लेखनी समाचार




हसनगंज, उन्नाव। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि 3 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के पिलखना गांव के पास रात करीब 3 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार लखनऊ से बांगरमऊ की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में बांगरमऊ निवासी 26 वर्षीय आदर्श शुक्ला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार में सवार अंकित, हिमांशु और चंदन गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही यूपीडा की टीम और हसनगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस के जरिए उन्हें इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल, लखनऊ भेजा। अस्पताल में डॉक्टरों ने आदर्श शुक्ला को मृत घोषित कर दिया। अन्य तीनों घायलों का उपचार जारी है।हसनगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शरद कुमार ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि कार ट्रक में पीछे से टकराई थी। एक व्यक्ति की मौत हुई है और घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कार्यालय में मोबाइल से वीडियो बनाने को लेकर हुआ विवाद, आक्रोशित कर्मचारियों ने दी तहरीर

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर पालिका परिषद कार्यालय में मोबाइल से वीडियो बनाने को लेकर विवाद हो गया। कर्मचारियों का आरोप है कि विरोध करने पर एक युवक और उसके पिता ने अभद्रता करते हुए टैक्स कलेक्शन का रजिस्टर फाड़ दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद आक्रोशित पालिका कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से कोतवाली में तहरीर देकर दोनों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कर्मचारियों द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर के अनुसार नगर के मोहल्ला कटरा निवासी जन्मेजय सिंह अपने पिता जयमान सिंह के साथ किसी कार्य से नगर पालिका कार्यालय पहुंचे थे। वहां उनकी लिपिक शर्फुद्दीन से बातचीत चल रही थी। इसी दौरान आरोप है कि जन्मेजय सिंह मोबाइल फोन से चुपके से वीडियो बनाने लगा। मौके पर मौजूद दूसरे पालिका कर्मी ने इसका विरोध किया तो दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर पिता-पुत्र ने गाली-गलौज करते हुए कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया,टैक्स कलेक्शन का रजिस्टर फाड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी। घटना से कार्यालय में कुछ देर अफरा-तफरी का माहौल रहा। इसके बाद नगर पालिका के कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी और आरोपित पिता-पुत्र के खिलाफ विधिक कार्रवाई की मांग की। पुलिस का कहना है कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला किशोरी का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज नगर पंचायत अचलगंज के ग्राम लोहचा निवासी एक 17 वर्षीय किशोरी का शव घर के अंदर कमरे में छत से फंदे पर लटकी पायी गयी।पीआरवी कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मृतका के पिता ने अज्ञात कारणों से आत्म हत्या करने तहरीर दी है। बुधवार देर रात लोहचा निवासी जगन्नाथ की 17 वर्षीय पुत्री रिया का शव कमरे में रस्सी से फंदे पर लटकता पाया गया। घटना से पूरे परिवार में हडकंप मच गया।मृतका अपने मां बाप की अकेली बेटी है उससे दो छोटे भाई है। वह कस्बा स्थित एक इंटर कॉलेज में इंटर की छात्रा थी। परिजन हादसे के कारणों को नहीं बता सके है। सूचना पर थाने के हल्का प्रभारी शिव कुमार पांडेय ने पंचनामा भर कर जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम को भेजा है।

## सम्पादकीय

# उपचुनाव में हार भाजपा के लिए आत्ममंथन का समय

उपचुनाव के नतीजे भले ही तीन विधानसभा सीटों तक सीमित हों, लेकिन इनके राजनीतिक संकेत इससे कहीं बड़े हैं। बिहार, मध्य प्रदेश और गुजरात की तीन सीटों में से भाजपा को दो पर हार का सामना करना पड़ा है। गुजरात के मंजलपुर में पार्टी की जीत जरूर राहत देने वाली है, लेकिन बिहार की बांकीपुर और मध्य प्रदेश की दतिया सीट पर मिली हार पर भाजपा को आत्ममंथन की जरूरत है। बिहार की बांकीपुर सीट भाजपा के लिए लंबे समय से मजबूत गढ़ रही है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन यहां से लगातार पांच बार विधायक रहे। उनके राज्यसभा जाने के बाद हुए उपचुनाव में पार्टी को पूरी उम्मीद थी कि उसका यह किला सुरक्षित रहेगा। खुद नवीन का यह कहना कि बांकीपुर से किसी को भी खड़ा कर दिया जाए, जीत तय है, पार्टी के आत्मविश्वास को दिखाता था, लेकिन जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने इस किले में सेंध लगा दी। इससे भी बड़ी बात यह है कि राष्ट्रीय जनता दल की उम्मीदवार रेखा गुप्ता तीसरे स्थान पर रहीं। यानी मुकाबले ने परंपरागत भाजपा बनाम आरजेडी समीकरण से बाहर निकलकर एक नया राजनीतिक संदेश दिया है। सवाल केवल बांकीपुर हारने का नहीं है। सवाल यह है कि क्या भाजपा अपने पुराने संगठनात्मक प्रभाव और पारंपरिक वोट बैंक के भरोसे जरूरत से ज्यादा आश्वस्त हो गई थी? बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार लंबे समय तक प्रशासनिक अनुभव और राज्य के बारीक समीकरणों को साधने वाले नेता रहे हैं। अब सत्ता के समीकरण बदलने के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सामने अपनी राजनीतिक पकड़ और प्रशासनिक स्वीकार्यता साबित करने की चुनौती है। बांकीपुर का परिणाम इस चुनौती की ओर संकेत करता है। वहीं, मध्य प्रदेश की दतिया सीट का परिणाम तो भाजपा के लिए और भी असहज करने वाला है। पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा इस सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी में थे और टिकट के दावेदार भी थे। इसके बावजूद पार्टी ने उन्हें मैदान में नहीं उतारा और आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार बनाया। नतीजा यह रहा कि कांग्रेस ने सीट जीत ली। यहां एक और सवाल मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व से जुड़ता है। शिवराज सिंह चौहान के लंबे कार्यकाल में भाजपा ने जिस तरह संगठन, सरकार और जनता के बीच संवाद का तंत्र विकसित किया था, उसे बनाए रखना अब मोहन यादव सरकार की बड़ी चुनौती है। नेतृत्व बदलने के बाद जनता का मूड और संगठन की जमीन समझना आसान नहीं होता। उपचुनाव अक्सर इसी परीक्षा का पहला परिणाम देते हैं। इन नतीजों के बीच जेन जी आंदोलन के संभावित प्रभाव को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। नई पीढ़ी के मतदाताओं के मुद्दे, बेरोजगारी, अवसर, शासन और राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसे सवाल अब चुनावी विमर्श को तेजी से प्रभावित कर रहे हैं। भाजपा को यह समझना होगा कि युवा मतदाता केवल पुराने राजनीतिक समीकरणों के आधार पर वोट नहीं करता। चुनाव में संगठन जितना महत्वपूर्ण है, सही उम्मीदवार उतना ही निर्णायक होता है। दतिया में टिकट चयन पर उठे सवाल भाजपा को यह सोचने पर मजबूर करेंगे कि जमीनी लोकप्रियता और संगठन की पसंद के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए। उपचुनाव सत्ता बदलने का जनादेश नहीं होते, लेकिन वे जनता के बदलते मिजाज की घंटी जरूर बजाते हैं। भाजपा के लिए संदेश साफ है गढ़ हमेशा के लिए गढ़ नहीं रहते, संगठन हमेशा चुनाव नहीं जिताता और पुराना समीकरण हमेशा काम नहीं करता।



मुद्दा

प्रमोद भार्गव

# उत्पादन बढ़ने के बावजूद दालों की कमी

देश में दलहन और तिलहन का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है, बावजूद देश में दालों और खाद्य तेलों की कमी बनी हुई है। आयात करके दाल और तेल की आपूर्ति की जा रही है। लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर ने बताया था कि बीते पांच सालों में दलहन और तिलहन के उत्पादन में वृद्धि दर्ज की गई है, लेकिन घरेलू मांग को पूरी करने के लिए बड़े पैमाने पर इन खाद्यों का आयात करना पड़ता है। साल 2024-25 में देश का कुल दलहन उत्पादन 256.83 लाख टन और तिलहन का उत्पादन 429.89 लाख टन था। जबकि साल 2023-2024 में दलहन 242.46 लाख टन और तिलहन का उत्पादन 396.69 लाख टन रहा था। नतीजतन 2024-25 में दालों का आयात बढ़कर 72.56 लाख टन हो गया, जो पांच साल के पहले की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक है।

इसी तरह आयात बिल भी बढ़कर 46,427 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। इसी प्रकार 2024-25 में खाद्य तेलों का आयात 164.10 लाख टन रहा। जिस पर देश को 1.46 लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने पड़े। घरेलू मांग और उत्पादन के बीच बड़े अंतर के चलते आयात की जरूरत पड़ती है। इस चुनौती से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने दलहन में आत्मनिर्भरता का लक्ष्य तो तय कर दिया है, लेकिन अभी परिणाम मिलना शुरू नहीं हुए हैं। भारत सरकार ने दो प्रमुख कृषि योजनाओं की शुरुआत की है। ये धन-धान्य और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन नाम से की गई ये योजनाएं यदि खेत में खरी उतरती हैं तो किसान की माली हालत तो सुधरेगी ही देश दाल उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी हो जाएगा। इन योजनाओं के लिए 35,440 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। ये योजनाएं खासतौर से पिछड़े सौ जिलों में कृषि उत्पादकता बढ़ाने और विविध फसलों की पैदावार को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से आरंभ की जा रही हैं। दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर होने के लिए वर्ष 2030-31 तक उत्पादन को 252 लाख टन से बढ़ाकर 350 लाख टन करने का लक्ष्य तय किया है। इस हेतु 35 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि दलहन उत्पादन के दायरे में लाई जाएगी। विडंबना देखिए, भारत दुनिया का सबसे बड़ा दलहन उत्पादन और उपभोक्ता देश है, लेकिन दालों की आपूर्ति आयात पर निर्भर है। हालांकि नरेंद्र मोदी के 12 साल के कार्यकाल में कृषि निर्यात दोगुना हो गया है, लेकिन दालें आयात करनी पड़ती हैं। आहार में पौष्टिक तत्वों का कारक मानी जाने वाली दालें,बढ़ते दामों के कारण गरीब की शारीरिक जरूरत पूरी नहीं कर रही हैं। ये हालात मानसून के दौरान औसत से कम या ज्यादा बारिश होने से तो उत्पन्न होते ही हैं, किसान के नकदी फसलों की ओर रुख करने के कारण भी हुए हैं। भारत में दालों की सालाना खपत 220 से 230 लाख टन है। मांग और आपूर्ति के इस बड़े अंतर के चलते जमाखोरों और दाल के आयातक व्यापारियों को भी बारे-न्यारे करने का मौका मिल जाता है। इस साल बारिश की कमी के चलते दालों का उत्पादन भी कम होने की आशंका है।

> देश में दलहन और तिलहन का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है, बावजूद देश में दालों और खाद्य तेलों की कमी बनी हुई है। आयात करके दाल और तेल की आपूर्ति की जा रही है। लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर ने बताया था कि बीते पांच सालों में दलहन और तिलहन के उत्पादन में वृद्धि दर्ज की गई है, लेकिन घरेलू मांग को पूरी करने के लिए बड़े पैमाने पर इन खाद्यों का आयात करना पड़ता है। साल 2024-25 में देश का कुल दलहन उत्पादन 256 .83 लाख टन और तिलहन का उत्पादन 429 .89 लाख टन था। जबकि साल 2023-2024 में दलहन 242 .46 लाख टन और तिलहन का उत्पादन 396.69 लाख टन रहा था।

पौष्टिक आहार देश के हरेक नागरिक के स्वस्थ जीवन से जुड़ा अहम प्रश्न है। संविधान के मूलभूत अधिकारों में भोजन का अधिकार शामिल है। दालें प्रोटीन और पौष्टिकता का महत्वपूर्ण जरिया हैं। चूंकि दालें



आयात करनी होती हैं, इसलिए इनके भाव भी बीच-बीच में बढ़ जाते हैं। इस कारण मध्यवर्गीय व्यक्ति की थाली से दाल गायब होने लगती है। चुनांचे दालें व्यक्ति की सेहत से जुड़ी हैं और बीमारी की हालत में तो रोगी को केवल दाल-रोटी खाने की ही सलाह चिकित्सक देते हैं। वर्ष 1951 में प्रतिव्यक्ति दालों की उपलब्धता 60 ग्राम थी, जो वर्ष 2010 में घटकर 34 ग्राम रह गई। जबकि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार यह मात्रा 80 ग्राम होनी चाहिए। दालें भारत में प्रोटीन का प्रमुख स्रोत मानी जाती हैं, लेकिन स्थानीय मांग पूरी करने के लिए दाल उत्पादन में किसान को बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। तुअर दाल की फसल आठ माह में तैयार होती है। बावजूद किसान को उचित दाम नहीं मिलते हैं। गोया, किसान साल में एक फसल उगाने में रुचि कैसे लें ? विदेशों में रहने वाले भारतीय भी सबसे ज्यादा तुअर की दाल खाना पसंद करते हैं। देश में सबसे अधिक चने और अरहर की खेती होती है। इनके अलावा मूंग और उड़द की दालें पैदा होती हैं। दालें मुख्य रूप से खरीफ की फसल हैं,जो वर्षा ऋतु में बोई जाती हैं। इस ऋतु में करीब 70 प्रतिशत दालों का उत्पादन होता है। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार दालों के तात्कालिक भाव 72 रुपये प्रति किलो से लेकर 130 रुपये किलो तक हैं। भावों में इस उछाल का कारण जमाखोरी और सट्टेबाजी के साथ आयात का कुचक्र भी है। बड़ी कंपनियां जब से दाल के व्यापार से जुड़ी हैं,तब से ये जब चाहे तब मुनाफे के लिए दाल से खिलवाड़ करने लग जाती हैं। जब कंपनियां बड़ी तादाद में दालों का भंडारण कर लेती हैं,तो भावों में कृत्रिम उछाल आ जाता है। हालांकि केंद्र सरकार दालों का भंडारण सीमित करके भी भावों को नियंत्रित करने का उपाय करती है। इस कारण तत्काल भाव नियंत्रित हो जाते हैं, लेकिन मीडिया दाल के बढ़ते भावों को गरीब की थाली से जोड़कर उछालता है। तब सरकार दाल के आयात के लिए विवश हो जाती है।

मसलन देशी-विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हर हाल में पौ-बारह बने रहते हैं। इन कंपनियों का दबदबा इतना है कि कोई भी राज्य सरकार इनके गोदामों पर छापे डालने का जोखिम उठाने का साहस नहीं जुटा पाती। लिहाजा कालाबाजारी बदस्तूर रहती है। कनाडा एशियाई देशों में सबसे ज्यादा दालों का निर्यात करने वाला देश है। यह कहने में कोई दो राय नहीं कि विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बात तो छोड़िए, देशी कंपनियां भी भारतीय कृषि को बदहाल बनाए रखना चाहती हैं। आयात की जब इन्हें खुली छूट मिल जाती है तो ये जरूरत से ज्यादा दाल व तेल का आयात करके भारत को डंपिंग ग्राउंड बना देती हैं। तय है, कालांतर में भारत की तरह दूसरे देशों में यदि मौसम रूठ जाता है तो दाल और प्याज की तरह खाद्य-तेल के भाव भी आसमान छूने लग जाते हैं। सस्ते तेल का आयात जारी रहने की वजह से ही भारत में तिलहन का उत्पादन प्रभावित हो रहा है।

बावजूद हमारे नेता ऐसी नीतियों को बढ़ावा देने की कोशिशों में लगे रहे हैं कि दलहन और तिलहन के क्षेत्र में भारत पूरी तरह परावलंबी बना रहे। इस परिप्रेक्ष्य में मनमोहन सरकार के कृषि मंत्री बलराम जाखड़ ने सलाह दी थी कि भारत अफ्रीका में दालें उगाए और फिर आयात करे। इसी तरह संप्रग सरकार में कृषि मंत्री रहे शरद पवार म्यांमार और उरूग्वे में दालें पैदा कराकर आयात करना चाहते थे। ये सुझाव समझ से परे हैं। आखिर ऐसे क्या रहस्य हैं कि हमारे नीति-नियंता विदेशी धरती पर तो दाल उत्पादन को प्रोत्साहित करना चाहते हैं, किंतु देश के किसानों को लाभकारी मूल्य देना नहीं चाहते ? ऐसी भाषाएं देश की खाद्य सुरक्षा को जान-बूझकर संकट में डालने जैसी लगती हैं।

आर्थिकी

ऋषभ मिश्रा



# भविष्य की मुद्रा व्यवस्था और भारत का पॉलीमर प्रयोग

भारत की अर्थव्यवस्था आज एक ऐसे संक्रमण काल से गुजर रही है, जहां एक ओर डिजिटल भुगतान क्रांति अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर नकदी का महत्व भी कम नहीं हुआ है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ने भुगतान प्रणाली को सरल, त्वरित और सर्वसुलभ बनाया है, लेकिन इसके बावजूद देश में नकदी की मांग लगातार बढ़ रही है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार मार्च 2026 तक प्रचलन में मुद्रा का मूल्य लगभग 41.23 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 12 प्रतिशत अधिक है। मुद्रा-से-जीडीपी अनुपात भी बढ़कर 12.1 प्रतिशत हो गया है। यह तथ्य स्पष्ट संकेत देता है कि डिजिटल अर्थव्यवस्था के विस्तार के बावजूद नकदी भारतीय आर्थिक व्यवस्था की एक मजबूत आवश्यकता बनी हुई है। ऐसे समय में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पॉलीमर अथवा प्लास्टिक नोटों को अपनाने की दिशा में बढ़ाया गया कदम अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक नोट मुद्रण प्राइवेट लिमिटेड (बीआरबीएनएमपीएल) ने ओपेसिफाइड पॉलीमर सब्सट्रेट शीटों की आपूर्ति के लिए वैश्विक निविदाएं आमंत्रित की हैं। यह केवल एक तकनीकी प्रक्रिया नहीं, बल्कि भारतीय मुद्रा व्यवस्था में संभावित ऐतिहासिक परिवर्तन का संकेत है। यदि यह योजना सफल होती है तो आने वाले वर्षों में भारतीय मुद्रा की संरचना, सुरक्षा और टिकाऊपन में व्यापक बदलाव देखने को मिल सकता है। वस्तुतः भारत में नकदी का उपयोग केवल भुगतान का माध्यम नहीं है, बल्कि आर्थिक विश्वास और सामाजिक व्यवहार का हिस्सा भी है। ग्रामीण क्षेत्रों, छोटे व्यापारियों, कृषि क्षेत्र तथा असंगठित अर्थव्यवस्था में आज भी नकदी प्रमुख भूमिका निभाती है। देश की विशाल आबादी का एक बड़ा वर्ग अभी भी नकद लेन-देन को अधिक सहज और विश्वसनीय मानता है। नकदी की बढ़ती मांग के साथ नोटों की छपाई और रख-रखाव पर होने वाला व्यय भी लगातार बढ़ता रहा है। हर वर्ष बड़ी संख्या में नोट फटने, गंदे होने, नमी से खराब होने तथा अत्यधिक उपयोग के कारण अनुपयोगी हो जाते हैं। इन नोटों को बदलने के लिए नए नोट छापने पड़ते हैं, जिससे सरकार और आरबीआई पर भारी वित्तीय बोझ पड़ता है। भारत जैसे विशाल देश में जहां अरबों नोट प्रचलन में हैं, वहां मुद्रा की टिकाऊपन बढ़ाना आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण विषय बन जाता है। इसी संदर्भ में पॉलीमर नोट एक प्रभावी विकल्प के रूप में सामने आए हैं। गौरतलब है कि पॉलीमर नोट विशेष प्रकार के प्लास्टिक आधारित पदार्थ से निर्मित किए जाते हैं। सामान्य कागजी नोट जहां कपास आधारित विशेष कागज से बनाए जाते हैं, वहीं पॉलीमर नोट अत्यधिक मजबूत और लचीले प्लास्टिक सब्सट्रेट पर मुद्रित होते हैं। इनकी सबसे बड़ी विशेषता इनकी दीर्घायु है। विशेषज्ञों के अनुसार पॉलीमर नोटों की आयु पारंपरिक कागजी नोटों की तुलना में दो से चार गुना अधिक होती है। ये पानी, नमी, धूल, तेल, पसीने तथा बार-बार मोड़े जाने से अपेक्षाकृत कम प्रभावित होते हैं। भारत की जलवायु परिस्थितियों को देखते हुए यह विशेषता और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। देश के अधिकांश हिस्सों में गर्मी, आर्द्रता, मानसून और धूल जैसी परिस्थितियां सामान्य हैं। ऐसे वातावरण में कागजी नोट अपेक्षाकृत जल्दी खराब हो जाते हैं। पॉलीमर नोट इस समस्या का दीर्घकालिक समाधान प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके साथ ही पॉलीमर नोटों का दूसरा महत्वपूर्ण लाभ सुरक्षा से जुड़ा है। नकली मुद्रा भारत की आर्थिक सुरक्षा के लिए लंबे समय से एक चुनौती रही है। आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025-26 के दौरान बैंकिंग प्रणाली में लगभग 2.3 लाख नकली नोटों की पहचान की गई थी। यद्यपि यह संख्या कुल प्रचलित नोटों की तुलना में बहुत कम है, फिर भी इसका राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय सुरक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। पॉलीमर नोटों में ऐसे कई उन्नत सुरक्षा फीचर जोड़े जा सकते हैं जिनकी नकल करना अत्यंत कठिन होता है। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और यूनाइटेड किंगडम जैसे देशों के अनुभव बताते हैं कि पॉलीमर नोटों के प्रचलन से नकली मुद्रा के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है।

## पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश ही देवता



संकलित

दर्शन

प्रदूषण की विनाशलीला को देखते हुए भारतीय ऋषियों ने कदम-कदम पर मानव को सजग किया है। चूंकि मनुष्य पंचमहाभूतों का समन्वय रूप है इसलिए सबसे पहले आध्यात्मिक महापुरुषों ने इसे जन्म से लेकर मृत्यु तक के अलग-अलग संस्कारों के साथ जोड़ दिया, ताकि मां के गर्भ में आने से लेकर सौ वर्ष तक वह अदैन्य भाव में जी सके। सबसे पहले भारतीय ऋषियों ने वसुधैव कुटुंबकम की जो परिकल्पना की, उसमें नख से लेकर शिख तक पूरा शरीर एक वसुधा (धरती) के समान है। शरीर के किसी भी हिस्से में तकलीफ है तो यह शरीर रूपी विश्व को प्रभावित करेगी। इसके अलावा मनुष्य के जीने के जितने भी स्नेत हैं, वे सभी कुटुंब के सदस्यों की तरह हैं। जिसे 'क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा, पंच रचित यह अधम शरीरा' से समझा जा सकता है। शरीर का आंतरिक हिस्सा चूंकि अधम है इसलिए वाह्य प्रकृति से उत्तमोत्तम पदार्थ ग्रहण कर उसके स्वरूप को और अधिक विकृत होने से बचाया जाना नितांत जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश सबको देवता का दर्जा दिया गया। द्वापर युग के महानायक भगवान श्रीकृष्ण का पूरा जीवन ही प्रदूषण के खिलाफ संघर्ष और जन जागरण का है। उम्र की परवाह न कर वह यमुना के प्रदूषित तत्व कालिया नाग का वध, प्रदूषित अग्नि लगाने वाले प्रलंबासुर का वध, अंतरिक्ष को शुद्ध करने के लिए व्योमासुर का वध, धरती की शुद्धता के लिए गो पालन करते हैं। त्रेता युग में रावण ने भी खर और दूषण नामक पर्यावरण-शत्रु तैनात किया था।

## जगत में सबसे सुंदर कौन



संकलित

प्रेरणा

एक कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूं। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूँ। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीन भावना भरने लगी और वह दुःखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहाः तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूँ। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोला- दोस्त मैं कहां सुंदर हूं। मैं जब तोते को देखता हूं, तो यही सोचता हूं कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुन्दरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया। बोला- तुम इतने सुन्दर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे? तोता बोला- खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुःखी हूं, क्योंकि वह बहुत सुन्दर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गए हैं। कौआ चिड़ियाघर गया, वहां एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर रोने लगा। मोर बोला- शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते। दूसरों से तुलना करके दुःखी होना बुद्धिमानी नहीं, असली सुन्दरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

## सटाका




## आज की पाती

### साइबर सुरक्षा के लिए जनचेतना जरूरी

आज हमारे देश मे साइबर फ्रॉड के मामले बहुत बढ़ गए हैं। इसके लिए जागरूकता अभियान बहुत जरूरी है। साइबर सुरक्षा के लिए इन बातों पर ध्यान रखना जरूरी है। एसएमएस या व्हाट्सएप पर आए किसी भी अनजान लिंक को न खोलें। किसी को भी ओटीपी या अपने इंटरनेट बैंकिंग की डिटेल न दें। केवाईसी के नाम पर भी साइबर फ्रॉड हो सकता है। इसके लिए बैंक से संपर्क करें। आजकल तो ई-चालान, बिजली बिल भरने के नाम पर धोखाधड़ी के मैसेज आ रहे है, इनसे भी सावधान रहें। अपने नेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के पासवर्ड और पिन बदलते रहें। हालांकि सरकार ने साइबर धोखाधड़ी से बचने के अनेक उपाय किए है, लेकिन समूह समाज को भी सचेत रहना होगा।

*- डा. प्रशांत शुक्ला, बहल, भिवानी*

## करंट अफेयर

# आंग सान सू ची से रेड क्रॉस के प्रतिनिधि ने मुलाकात की

म्यांमा की पूर्व नेता आंग सान सू ची से अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति (आईसीआरसी) के प्रतिनिधि ने सोमवार को राजधानी में मुलाकात की। सैन्य समर्थित सरकार ने यह जानकारी दी। वर्ष 2021 में सेना द्वारा सत्ता अपने हाथ में लिये जाने के बाद से सू ची 'नजरबंद' है, ऐसे में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता के लिए बाहरी दुनिया से संपर्क का यह एक दुर्लभ अवसर रहा। घोषणा के साथ जारी दो तस्वीरों में सू ची म्यामा में आईसीआरसी के प्रतिनिधि अरनॉड डी बैंक से हाथ मिलाती तथा लकड़ी की आंतरिक सज्जा वाले कक्ष में उनके साथ बातचीत करती दिखाई दे रही हैं।



## ऑफ बीट

# बच्चों को जेब खर्च देने का नफा-नुकसान

जब मैं छोटा था, तब मेरे साथ के कई बच्चे जेब खर्च निकालने के लिए पड़ोसियों के शिशुओं की देखभाल करने, उनके बगीचे में घास काटने, कुत्तों को टहलाने या गाड़ियां धोने जैसे काम किया करते थे। मगर आज बच्चों के लिए भुगतान ऐप, खर्च पर नजर रखने वाले साधनों और ऐसी अन्य सुविधाओं की उपलब्धता के चलते तस्वीर काफी बदल गई है। इसके बावजूद बच्चों को जेब खर्च दिए जाने के मामले में आज भी कुछ ऐसे पुराने सवाल शामिल है, जिनमें मुझ जैसे व्यवहारिक अर्थशास्त्रियों को दिलचस्पी है। क्या बच्चों को पैसे कमाने के वास्ते मेहनत करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए



## X ट्रेंड f

### कानून का समर्थन



जो कोई भी उस कानून का समर्थन करता है जिसे बीजेपी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं को फिर से तय करने के लिए लाने की योजना बना रही है, वह तमिलनाडु के साथ सबसे बड़ा धोखा कर रहा है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### एथलीट्स को बधाई



ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में 39 मेडल जीतकर शानदार प्रदर्शन करने वाले हमारे बेहतरीन एथलीट्स को बहुत-बहुत बधाई। हमारे एथलीट्स ने कई यादगार कारनामे किए और देश का मान बढ़ाया है।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### सुप्रीम कोर्ट संशोधन विधेयक



लोकसभा द्वारा सुप्रीम कोर्ट संशोधन विधेयक, 2026 पारित होने से न्यायाधीशों की संख्या 33 से बढ़कर 37 हो जाएगी। यह निर्णय लंबित मामलों के त्वरित निपटान में तेजी लाएगा और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के नागरिकों के लिए न्याय तक पहुंच को आसान बनाएगा।

- सम्राट चौधरी, सीएम, बिहार

### झूठा हलफनामा



झारखंड में सीआईडी की जांच सिर्फ मामले को दबाने की कोशिश है। जेएसएससी परीक्षा में सीट बेचने के मामले में सीआईडी के एडीजी पहले ही झूठा हलफनामा दाखिल कर चुके है। जब जांच एजेंसी की निष्पक्षता पर ही गंभीर सवाल हो, तो निष्पक्ष जांच कैसे हो ?

- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड

## संक्षेप

### भारी बारिश से रास्ता बना तालाब

**ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी, प्रधान ने दिया शीघ्र समाधान का आश्वासन**

(अमेठी), भेटुआ विकासखंड के हीरापुर गांव में भारी बारिश के कारण जलभराव हो गया है। इससे गांव का मुख्य रास्ता तालाब में तब्दील हो गया है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अमरनाथ तिवारी, रामबहादुर प्रजापति और सोमनाथ यादव सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों को स्कूल जाने और बुजुर्गों को दैनिक कार्यों के लिए आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। इस संबंध में ग्राम प्रधान विजय तिवारी ने बताया कि यह समस्या अत्यधिक वर्षा के कारण उत्पन्न हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस समस्या का शीघ्र ही निस्तारण किया जाएगा।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि रास्ते की मरम्मत तुरंत कराई जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

### एडीएम की अपील, दामिनी ऐप का करें प्रयोग

**आकाशीय बिजली से बचाव को रहें सतर्क, सुरक्षित स्थानों पर लें शरण**

अमेठी ,अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योति सिंह ने जनपदवासियों से बरसात के मौसम में आकाशीय बिजली से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने लोगों को भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा विकसित 'दामिनी ऐप' का उपयोग करने की सलाह दी। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने की आशंका होने पर कच्चे और जर्जर मकानों में रहने से बचें। आवश्यकता पड़ने पर पंचायत भवन या अन्य सुरक्षित स्थानों पर शरण लें। बादलों के गरजने और बिजली चमकने के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें। यदि यात्रा के दौरान अचानक मौसम खराब हो जाए और बादल गरजने लगें, तो राहगीर तत्काल किसी सुरक्षित स्थान पर रुक जाएं। उन्होंने लोगों को बारिश के समय पेड़ों के नीचे शरण न लेने तथा विद्युत पोल, खुले तारों एवं अन्य विद्युत उपकरणों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी। ज्योति सिंह ने बताया कि 'दामिनी ऐप' के माध्यम से 20 किलोमीटर के दायरे में आकाशीय बिजली गिरने की संभावित घटना की जानकारी लगभग 30 मिनट पहले प्राप्त हो जाती है। इससे समय रहते सुरक्षित स्थान पर पहुंचकर स्वयं और दूसरों की जान बचाई जा सकती है। मौसम संबंधी ताजा जानकारी के लिए टीवी, रेडियो और अन्य आधिकारिक माध्यमों का नियमित उपयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि कच्चे मकानों के आसपास जलभराव न होने दें और यदि निचले हिस्सों में पानी जमा हो जाए तो तत्काल जल निकासी की व्यवस्था करें। पशुपालकों से अपील की गई है कि बारिश और आकाशीय बिजली की घटनाओं के दौरान अपने पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखें तथा उन्हें खुले में न छोड़ें। अपर जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनियों का पालन करने और सावधानी बरतने का आग्रह किया।

उन्होंने जोर देकर कहा कि सतर्कता ही आकाशीय बिजली जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

# बहराइच पुलिस का एक और बड़ा प्रहार, अपराधियों में मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

विनोद जायसवाल




बहराइच।जनपद के थाना रानीपुर पुलिस ने एक बार फिर अपनी तेज, सटीक और प्रभावी कार्रवाई से यह साबित कर दिया है कि अपराधियों के लिए अब थाना क्षेत्र रानीपुर में कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं बचा है।लगातार हो रही ताबड़तोड़ कार्रवाइयों से अपराध जगत में खलबली मची हुई है पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह तथा क्षेत्राधिकारी पयागपुर हर्षिता तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हरेंद्र नाथ राय के नेतृत्व में रानीपुर पुलिस ने शानदार सफलता हासिल करते हुए 03 शातिर नकबजनों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से चोरी के सोने-चांदी के जेवरात, पीतल के बर्तन, 6,050 नकद तथा घटना में प्रयुक्त हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की गई पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने ग्राम दहौरा में हुई चोरी के साथ-साथ थाना रामगांव क्षेत्र के मिजार्पुर स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर से मूर्ति चोरी कर नेपाल में बेचने की घटना का भी खुलासा किया।पुलिस ने पूरे मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया अपराध करोगे तो कानून के शिकंजे से बच नहीं पाओगे थाना प्रभारी श्री हरेंद्र नाथ राय लगातार एक्शन मोड में दिखाई दे रहे हैं। अपराधियों के विरुद्ध लगातार हो रही प्रभावी कार्रवाई से थाना क्षेत्र रानीपुर में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है और अपराधियों में भय का माहौल बताया जा रहा है स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, थाना प्रभारी हरेंद्र नाथ राय के नेतृत्व में पुलिस लगातार सक्रिय है और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी वजह से थाना क्षेत्र रानीपुर इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है बहराइच पुलिस की यह संदेश अपराध करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच धूमधाम से निकला चेहल्लुम का जुलूस

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जनपद बहराइच के थाना रुपईडीहा क्षेत्र अंतर्गत कस्बा बाबागंज मे गुरुवार देर शाम को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच धूमधाम से चेहल्लुम का जुलुस निकाला गया। इस दौरान बाबागंज पुलिस चौकी इंचार्ज शिवेश शुक्ला के नेतृत्व मे भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। सैकड़ो की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा मातम करते हुए गमगीन माहौल मे ताजियों को बाबागंज स्थित कर्बला मे किया दफन किया गया। इस दौरान सैंकड़ो की संख्या मे ताजियेदार, आसपास के ग्रामीण सहित भारी संख्या मे लोग जुलुस मे शामिल रहे। चेहल्लुम का जुलूस पुरानी बाजार बाबागंज से नई बाजार, चरदा मोड़ चौराहे होते हुए बाबागंज कर्बला पर पहुंचकर समाप्त हुआ।




## बहराइच पुलिस का एक और बड़ा प्रहार, अपराधियों में मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

विनोद जायसवाल

बहराइच।जनपद के थाना रानीपुर पुलिस ने एक बार फिर अपनी तेज, सटीक और प्रभावी कार्रवाई से यह साबित कर दिया है कि अपराधियों के लिए अब थाना क्षेत्र रानीपुर में कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं बचा है।लगातार हो रही ताबड़तोड़ कार्रवाइयों से अपराध जगत में खलबली मची हुई है पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह तथा क्षेत्राधिकारी पयागपुर हर्षिता तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हरेंद्र नाथ राय के नेतृत्व में रानीपुर पुलिस ने शानदार सफलता हासिल करते हुए 03 शातिर नकबजनों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से चोरी के सोने-चांदी के जेवरात, पीतल के बर्तन, ?6,050 नकद तथा घटना में प्रयुक्त हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की गई पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने ग्राम दहौरा में हुई चोरी के साथ-साथ थाना रामगांव क्षेत्र के मिजार्पुर स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर से मूर्ति चोरी कर नेपाल में बेचने की घटना का भी खुलासा किया। पुलिस ने पूरे मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया अपराध करोगे तो कानून के शिकंजे से बच नहीं पाओगे थाना प्रभारी श्री हरेंद्र नाथ राय लगातार एक्शन मोड में दिखाई दे रहे हैं। अपराधियों के विरुद्ध लगातार हो रही प्रभावी कार्रवाई से थाना क्षेत्र रानीपुर में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है और अपराधियों में भय का माहौल बताया जा रहा है स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, थाना प्रभारी हरेंद्र नाथ राय के नेतृत्व में पुलिस लगातार सक्रिय है और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई कर रही है।इसी वजह से थाना क्षेत्र रानीपुर इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है बहराइच पुलिस की यह संदेश अपराध करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।


# घर में निकला 15 फिट लंबा अजगर, वन कर्मियों ने जंगल में छोड़ा

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच।कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र के रेंज मोतीपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बढैय़ा कला में ननकऊ राजपूत के घर में बुधवार देर रात एक बड़ा अजगर निकल आया। अजगर को देखकर घर में अफरा तफरी मच गई लोग दहशत में हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अजगर की लम्बाई लगभग पन्द्रह फीट थी।इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। ग्रामीण सत्यम जायसवाल ने हिम्मत जुटाई और अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू कर वनकर्मियों को सौंप दिया। वनकर्मियों ने अजगर को सुरक्षित माहौल में ले जाकर जंगल में छोड़ दिया।

## विकास खण्ड परिसर हुजूरपुर में आयोजित हुआ परीक्षण शिविर

**मोटराइज्ड ट्राइसाईकिल हेतु चिन्हित किये गये 78 दिव्यांग**

अमन लेखनी समाचार / मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि बहराइच जनपद के पात्र दिव्यांगजनों को एलिम्को, कानपुर द्वारा निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राइसाईकिल उपलब्ध कराए जाने हेतु 3 से 8 अगस्त 2026 तक विकास खण्ड मुख्यालयों पर आयोजित किये जा रहे परीक्षण शिविर अन्तर्गत विकास खण्ड परिसर हुजूरुपुर में आयोजित शिविर के दौरान उपक्रम एलिम्को, कानपुर की विशेषज्ञ टीम द्वारा 78 दिव्यांगजनों का परीक्षण करके पंजीकरण किया गया। डॉ. कुमार ने बताया कि 07 अगस्त 2026 को तहसील सदर बहराइच के परिसर में परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। समस्त दिव्यांगजनों एवं उनके हितार्थ कार्यरत समस्त व्यक्तियों एवं संस्थाओं से अपेक्षा की गई है कि इन शिविरों में अपने समस्त अभिलेखों जैसे कि आधार कार्ड, 80 प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं गरीबी रेखा के आय प्रमाण पत्र आदि के साथ परीक्षण शिविर में प्रतिभाग कर आयोजन का लाभ उठायें।

## आयुष्मान भारत योजना से आच्छादित होंगी आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाएं

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा ने आयुष्मान भारत पोर्टल पर पंजीकृत आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आंगनबाड़ी सहायिकाओं को निर्देशित किया है कि स्वयं एवं अपने परिवार के सदस्यों का गोल्डन कार्ड बनवाने के लिए आयुष्मान ऐप डाउनलोड करके, मोबाइल नम्बर से लॉगिन करके स्वयं कार्ड बना लें। इसके अलावा सी.एस.सी. सेन्टर (जन सेवा केन्द्र) या सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आयुष्मान मित्रों की सहायता से भी गोल्डन कार्ड बनवाया जा सकता है। सुश्री विश्वकर्मा ने बताया कि कार्ड बनवाने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर अधिक जानकारी के लिए सम्बन्धित प्राथमिक /सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला चिकित्सालय अथवा सुपरवाइजर, बाल विकास परियोजना अधिकारी या जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में परियोजनाओं में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आंगनबाड़ी सहायिकओं को शत प्रतिशत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से अच्छादित किया जाना है। उन्होंने बताया कि जनपद में अब तक कुल 3452 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आंगनबाड़ी सहायिकाओं एवं परिवार के सदस्यों के गोल्डन कार्ड बनवाये जा चुके है। आयुष्मान भारत पोर्टल पर पंजीकृत 1604 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आंगनबाड़ी सहायिकाओं एवं परिवार के सदस्यों के गोल्डन कार्ड बनवाये जाने है जिसके लिए परियोजना वार सूची उपलब्ध करायी गयी है। जिसका परियोजना स्तर पर सत्यापन एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनवाये जाने की प्रक्रिया शुरू की गयी।

# दामाद की आंखें फोड़ीं, प्राइवेट पार्ट काटकर गला रेता

**3 साल पहले लव मैरिज की थी; लड़की के बाबा-दादी, चाचा-चाची गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार


अंकित कश्यप, मृतक

अमेठी ,बेटी की लव मैरिज से खफा परिवारवालों ने दामाद की गला रेतकर हत्या कर दी। उसकी आंखें फोड़ दीं और प्राइवेट पार्ट काट दिया। दामाद जैसे ही बाजार से लौटा, लड़की के घरवालों ने उसे पकड़ लिया और घसीटकर घर के अंदर ले गए। बेटे की चीख-पुकार सुनकर उसके परिवारवाले मौके पर पहुंचे। दरवाजा खटखटाया, लेकिन किसी ने नहीं खोला।इसके बाद पुलिस को सूचना देकर बुलाया। जब तक पुलिस पहुंची, लड़की के परिवारवाले भाग चुके थे। घर के अंदर कमरे से बेटे का शव मिला। बेटे की हत्या से आक्रोशित उसके घरवालों ने सैकड़ों लोगों के साथ देर रात 11 बजे सड़क पर जाम लगा दिया। हंगामा बढ़ता देख 7 थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। अफसरों ने लड़की के चाचा-चाची और दादी-बाबा पर केस दर्ज कर चाची और दादी-बाबा को गिरफ्तार भी कर लिया। इसके बाद पुलिस ने चाचा की भी गिरफ्तारी का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। फिर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। वारदात रात करीब साढ़े 8 बजे गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र में हुई। वहीं, चाचा को पुलिस ने पैर में गोली मारकर पकड़ लिया। पूरे मान सिंह के वार्ड नंबर-17 के रहने वाले कल्लू कश्यप के परिवार में पत्नी के अलावा बेटा अंकित कश्यप (22) था। कल्लू के घर से करीब 50 मीटर दूर हौसला यादव का घर है। हौसला की इकलौती बेटी श्वेता का अंकित से अफेयत हो गया था।

# 14 साल के किशोर से दुष्कर्म का आरोप

**पुलिस ने आरोपी को दबोचा, केस दर्ज कर शुरू की जांच**

अमन लेखनी समाचार




कोल , अलीगढ़ के गांधी पार्क थाना क्षेत्र में 14 साल के एक किशोर से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपी से पूछताछ जारी है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगला मानसिंह गांव का मामला घटना थाना गांधी पार्क क्षेत्र के नगला मानसिंह गांव की है। पुलिस को सूचना मिली कि 14 वर्षीय किशोर के साथ दुष्कर्म किया गया है। सूचना मिलते ही थाना गांधी पार्क पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया क्षेत्राधिकारी द्वितीय धनंजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।सभी पहलुओं की जांच में जुटी पुलिस पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच को प्राथमिकता दी जा रही है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है और घटना से जुड़े सभी तथ्यों की पड़ताल की जा रही है।साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा पुलिस का कहना है कि पीड़ित परिवार को हर संभव कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि निष्पक्ष जांच के बाद दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में एहतियात के तौर पर पुलिस सतर्क है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक पुलिस बल तैनात किया गया है।

# युवक ने 1000 कीलों पर दंडवत यात्रा की

**प्रेमानंद महाराज के अच्छे स्वास्थ्य की कामना, 45 किमी की यात्रा करेगा**

अमन लेखनी समाचार




शाहजहांपुर,एक युवक ने प्रेमानंद महाराज के अच्छे स्वास्थ्य की कामना के लिए दंडवत कांवड़ यात्रा शुरू की है। जैतीपुर निवासी सोनू यादव एक हजार कीलों पर लेटकर दंडवत करते हुए यह कांवड़ यात्रा कर रहे हैं। वह बेलाडांडी से मदनापुर तक लगभग 45 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। सोनू यादव जैतीपुर थाना क्षेत्र के पहरा गांव के रहने वाले हैं। दो साल पहले सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेमानंद महाराज से जुड़े थे। उन्होंने बताया कि महाराज के प्रवचन सुनकर उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया, जिसके बाद वह नियमित रूप से वृंदावन जाने लगे। सोनू यादव के अनुसार, प्रेमानंद महाराज का स्वास्थ्य पिछले कुछ समय से ठीक नहीं चल रहा है। इसी कारण उन्होंने महाराज के अच्छे स्वास्थ्य की कामना के लिए यह दंडवत कांवड़ यात्रा निकालने का संकल्प लिया। यह यात्रा 4 अगस्त को शुरू हुई थी और आज इसका तीसरा दिन है।वह लगभग दो दिन बाद मदनापुर के फिरोजाबाद स्थित मंदिर पहुंचेंगे। सोनू यादव ने बताया कि यह यात्रा निस्वार्थ भाव से शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य महाराज का स्वास्थ्य बेहतर बनाना है। उनका मानना है कि महाराज के प्रवचन लाखों लोगों का जीवन बदल चुके हैं।इस 40 से 45 किलोमीटर लंबी दंडवत कांवड़ यात्रा में उनके करीबी मित्र तेजेंद्र भी सहयोग कर रहे हैं। वे दोनों नियमित रूप से वृंदावन जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमने बेलाडांडी से जल भरा है और ये मदनापुर के फिरोजपुर में मंदिर में जलाभिषेक करेंगे।

# दुष्कर्म और पॉक्सो का आरोपी गिरफ्तार

**शादी का झांसा देकर युवती को ले गया था कानपुर**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़,मानिकपुर पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और अपहरण के मामले में फरार चल रहे 20 वर्षीय आरोपी अनिल कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी भानापुर यादवपट्टी का निवासी है। पुलिस ने उसे थाना क्षेत्र के भानापुर मोड़ के पास से पकड़ा। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ वादी की पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। यह मामला मानिकपुर थाने में पंजीकृत है। पूछताछ में आरोपी अनिल कुमार यादव ने पुलिस को बताया कि वह युवती से काफी समय से प्रेम करता था और उससे शादी करना चाहता था। हालांकि, युवती के परिजनों ने उसकी शादी कहीं और तय कर दी थी, जिससे वह नाखुश था। परिजनों ने किया मुकदमा आरोपी ने बताया कि 30 जुलाई 2026 को उसने वादी के मोबाइल पर फोन कर युवती से बात की और उसे अपने साथ चलने तथा शादी करने के लिए राजी किया। इसके बाद युवती गांव के पास मिली, जहां से वह उसे बस से लेकर कानपुर चला गया। इसी दौरान उसे जानकारी मिली कि युवती के परिजनों ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस के मुताबिक, जानकारी मिलने के बाद आरोपी युवती को वापस लेकर आया और 31 जुलाई की रात से 1 अगस्त की रात के बीच उसे उसके घर के पास छोड़कर फरार हो गया। पूछताछ में आरोपी ने युवती के साथ कई बार संबंध बनाने की बात भी स्वीकार की और दोहराया कि वह उससे शादी करना चाहता है।

# गंगा पुल के पिलर के नीचे मिली युवती की लाश

**ब्रिज पर मिली लड़की की चप्पल, आत्महत्या करने की आशंका**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,मानिकपुर थाना क्षेत्र में दोपहर करीब 2 बजे करेंटी गंगा पुल के पिलर के नीचे 25 वर्षीय युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद और नाव के सहारे शव को बाहर निकाला। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

### घर से निकलने के बाद नहीं लौटी युवती

मृतका की पहचान प्रीति निर्मल (25) पुत्री रामदेव निर्मल के रूप में हुई। परिजनों के मुताबिक शाम करीब 7 बजे किसी बात पर माता-पिता की डांट के बाद वह घर से निकल गई थी। काफी तलाश के बावजूद उसका पता नहीं चला, जिसके बाद थाने में सूचना दी गई। पुल से छलांग लगाने की आशंका पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया आशंका है कि युवती ने प्रतापगढ़ और कौशांबी को जोड़ने वाले करेंटी गंगा पुल से छलांग लगाई। नदी में गिरने के बजाय वह पुल के एक पिलर पर जा गिरी, जिससे उसकी मौत हो गई। घटनास्थल पर उसकी चप्पल भी बरामद हुई है।

### नाव से निकाला गया शव

मंगलवार दोपहर लोगों ने दुर्गा भाभी सेतु के नीचे शव देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची मानिकपुर पुलिस ने नाव की मदद से पिलर के नीचे फंसे शव को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगी आगे की कार्रवाई

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं।

## संक्षेप

### ग्रामीण ने मनरेगा से सार्वजनिक स्थल पर फ्रिजलगाने की मांग

#### ठंडे पानी की स्थायी व्यवस्था के लिए डीएम को सौंपा पत्र

बागपत, जिले के बड़ौत तहसील क्षेत्र के किरठल गांव के एक ग्रामीण ने जिलाधिकारी (डीएम) कार्यालय पहुंचकर सार्वजनिक स्थान पर ठंडे पेयजल की स्थायी व्यवस्था की मांग की है। ग्रामीण ने अपने हाथ में तिरंगा लेकर डीएम को एक शिकायती पत्र सौंपा। उनका कहना है कि गांव में गर्मी के दिनों में राहगीरों और ग्रामीणों के लिए ठंडे पानी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। ग्रामीण नदीम ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि इस संबंध में पहले भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन समस्या आज भी बनी हुई है। नदीम ने मनरेगा या किसी अन्य सरकारी योजना के माध्यम से गांव के किसी सार्वजनिक स्थान पर फ्रिज या वाटर कूलर लगाने की मांग की है। शिकायतकर्ता का यह भी कहना है कि ग्राम पंचायत ने पिछले चार वर्षों में पेयजल व्यवस्था के नाम पर बैंक से धनराशि निकाली है, लेकिन गांव में कोई ठोस कार्य दिखाई नहीं देता। उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और अनियमितता सामने आने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। यह शिकायत जिला प्रशासन के पास पहुंच गई है। इस संबंध में ग्राम पंचायत की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### मेरठ-बागपत हाईवे पर चलती एर्टिगा कार में लगी आग

#### शॉर्ट सर्किट से एर्टिगा बनी आग का गोला, चालक ने कूदकर बचाई जान

बागपत, सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र में मेरठ-बागपत-सोनीपत हाईवे पर मंगलवार देर रात एक चलती एर्टिगा कार में भीषण आग लग गई। पिलाना भट्टे के पास हुई इस घटना में प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने का कारण माना जा रहा है। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरी कार जलकर राख हो गई। घटना के दौरान हाईवे पर वाहन चालकों और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। कार चालक सुरेश ने बताया कि वह किराए पर कार चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। चारधाम यात्रा से लौटने के बाद वह बागपत में अपनी बहन के घर रुका था। घटना वाली रात वह मेरठ से सवारी लेकर देहरादून जा रहा था। रात करीब 11 बजे रतनपुरी गांव के पास कार के बोनट से अचानक धुआं और आग की लपटें उठीं, जो कुछ ही क्षण में उसके पैरों तक पहुंच गईं। स्थिति को भांपते हुए उसने तुरंत कार सड़क के बीच रोकी और बाहर कूदकर अपनी जान बचा ली।वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरलकार में लगी आग देखते ही देखते विकराल हो गई। राहगीरों ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया, जो तेजी से वायरल हो रहा है। आग की लपटों के कारण कुछ समय के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल भी बना रहा। पुलिस ने शुरू की जांचसूचना मिलने पर सिंघावली अहीर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चालक से घटना की जानकारी ली। थाना प्रभारी सूर्यदीप ने बताया कि प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आई है। चालक पूरी तरह सुरक्षित है और घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

## साइकिल सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार




फतेहपुर , जनपद के गाजीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य मार्ग में एक अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को भीषण टक्कर मार दी जहां युवक की मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार गाजीपुर कस्बे निवासी केशकुमार पुत्र स्वर्गीय रामलाल गुमटी रखकर पान की दुकान से जीवन यापन करता था दुकान का सामान खरीदने के लिए साइकिल से कस्बे के अंदर मार्केट गया था जहां वापस लौटते समय एक अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार युवक को भीषण चक्कर मार दी टक्कर मार कर वाहन चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया वहीं आसपास मौजूदा लोग दौड़कर घायल युवक के पास पहुंचे तथा उसे नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गाजीपुर ले गए अस्पताल पहुंचने के बाद चिकित्सकों ने जांच की तथा युवक को मृत घोषित कर दिया यह जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची गाजीपुर थाना प्रशासन ने शव को पोस्टमार्टम के लिए फतेहपुर मचुरी हाउस भेजा वही अज्ञात वाहन की भी तलाश प्रशासन ने प्रारंभ की परिजनों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार पैतृक गांव सुसुवान बुजुर्ग के निवासी मृतक केश कुमार सोनी बिगत लगभग 20 वर्ष से अपने परिवार के साथ गाजीपुर कस्बे में ही रहकर जीवन यापन कर रहे थे मृतक अपने पिता से उत्पन्न पांच भाइयों में दूसरे नंबर की संतान था जो कस्बे के किरण सिंह डिग्री कॉलेज के समीप पान की गुमटी रखकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है वही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात अग्रिम कार्रवाई की जाएगी अज्ञात वाहन की तलाश जारी है

## मक्का की खड़ी फसल पर ग्रामीण ने चलाया रोटावेटर पीड़ित ने दी तहरीर

अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव कापिल में पारिवारिक विवाद के चलते एक किसान के खेत में खड़ी पकी हुई मक्के की फसल पर पारिवारिक जनों ने ट्रैक्टर रोटावेटर चला कर फसल को ध्वस्त कर दिया ग्रामीण किसान कृष्णऔतार ने नजदीकी थाना जहानाबाद में लिखित तहरीर देते हुए बताया कि उसका आपसी बंटवारा पूर्व काल में हो चुका था जहां वह बंटवारे के बाद अपने हिस्से की जमीन पर मक्का की खेती कर रहा था फसल पककर कटाई करने के लिए तैयार थी वहीं विगत 3 अगस्त सोमवार को रात्रि समय पारिवारिक शुभम पुत्र विजयपाल ने खुन्नस के चलते खेत में फसल पर ट्रैक्टर रोटावेटर चलवा कर फसल को ध्वस्त कर दिया वही जानकारी मिलने पर पीड़ित मौके पर पहुंचा तथा विरोध किया जिसका विरोध करने पर विपक्षी लोगों ने जमकर गाली गलौज की तथा जान से मारने की धमकी भी दी पीड़ित ने बताया कि लगभग 30000 रुपए का किसान का नुकसान हुआ है वही तहरीर स्वीकृत करते हुए थाना प्रभारी जहानाबाद योगेश कुमार ने मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ की

## नाबालिग युवती को फरार करने वाला अपहरणकर्ता हुआ गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के किशनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिक युवती को अपहरण कर ले जाने वाला वांछित अपराधी प्रशासन के हाथों की रफ्तार हुआ फरार चल रहे आरोपी के खिलाफ अभियान चलाते हुए पुलिस प्रशासन ने खोजबीन की तथा युवती को सकुशल बरामद किया वही वांछित अपराधी 25 वर्षीय विनोद पुत्र राखेलाल उर्फ लल्लू पटेल निवासी गढ़वा थाना किशनपुर को गिरफ्तार किया मिली जानकारी के अनुसार आरोपी ने किशोरी का अपहरण किया जिसे विगत 4 अगस्त को सुरक्षित बरामद कर दिया गया गिरफ्तार किए गए वांछित अपराधी के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए प्रशासन ने जेल भेज दिया

## चोरों ने फिर की वारदात लाखों की जेवरात का लगाया चूना

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिगत रात्रि बुधवार प्रातः गुरुवार को अज्ञात चोरों ने थाना क्षेत्र के मदरी गांव में सूना घर पाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण राम सजीवन कोरी तथा उनके बेटे बाहर रहकर मजदूरी का काम करते है वही घर में मजदूर की पत्नी कलादेवी अकेली रहती है विगत रात्रि महिला खाना खाकर सो गई मध्य रात्रि में गहरी नींद में सोई महिला को देख अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर कमरे में रखी अलमारी तथा बक्से को तोड़ा तोड़फोड़ करते हुए चोरों ने घर से सोने के आभूषण नाक की बेसर अंगूठी मंगलसूत्र तथा चांदी के आभूषण ढाई सौ ग्राम वजन की पायल तोड़िया 13 नग चांदी के सिक्के गायब कर दिए सुबह उठकर महिला ने देखा कि सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा है अलमारी तथा बक्से को टूटा देख पुलिस प्रशासन को सूचना दी जहां सूचना पर पहुंची 112 पीआरबी पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया वहीं पीड़ित महिला ने लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए मामले की खुलासे की मांग की

## एनएच-58 पर उमड़ा आस्था का सैलाब, टैंक चौराहे तक वन-वे

### एक लेन कांवड़ियों के लिए आरक्षित, बुधवार से बेगमपुल तक बढ़ेगी व्यवस्था

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,कांवड़ यात्रा के दौरान बढ़ती श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने शाम से सिवाया टोल प्लाजा से मोदीपुरम होते हुए शहर की ओर आने वाले मार्ग पर वन-वे व्यवस्था लागू कर दी। बुधवार से इस व्यवस्था का दायरा बढ़ाकर बेगमपुल चौराहे तक किया जाएगा। नेशनल हाईवे-58 पर कांवड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंगलवार शाम छह बजे से सिवाया टोल प्लाजा से मोदीपुरम होते हुए शहर की ओर आने वाले मार्ग पर वन-वे व्यवस्था लागू कर दी गई। फिलहाल यह व्यवस्था टैंक चौराहे तक प्रभावी है। इसे बेगमपुल चौराहे तक विस्तारित किया जाएगा। हरिद्वार से लौटने वाले और हरिद्वार की ओर जा रहे शिवभक्तों की संख्या में मंगलवार को अचानक बढ़ोतरी हुई। इसके चलते प्रशासन ने सिवाया टोल से दिल्ली की ओर जाने वाले हाईवे की एक लेन तथा मोदीपुरम तिराहे से टैंक चौराहे तक का मार्ग कांवड़ियों के लिए आरक्षित कर दिया है। सामान्य वाहनों की आवाजाही बनाए रखने के लिए हाईवे से शहर तक अस्थायी डिवाइडर लगाए गए हैं। इससे एक ओर कांवड़ियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जा रही है, वहीं दूसरी ओर सामान्य यातायात भी सुचारु रूप से संचालित हो रहा है। सोमवार को इस व्यवस्था का ट्रायल किया गया था, लेकिन उस समय श्रद्धालुओं की संख्या कम होने के कारण इसे पूरी तरह लागू नहीं किया गया था। मौसम सुहाना होने से दिनभर बढ़ी श्रद्धालुओं की संख्या मंगलवार को मौसम अनुकूल रहने और आसमान में बादल छाए रहने से शिवभक्तों ने दिन में भी लंबी दूरी तय की। इसके चलते पूरे दिन हाईवे पर कांवड़ियों की संख्या लगातार बढ़ती रही।

## कोल्ड ड्रिंक लेने गए मजदूर की मौत

### घबराहट होने पर सड़क किनारे बैठा, कुछ मिनट में ही थम गईं सांसें

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , सदर बाजार थाना क्षेत्र स्थित रजबन छोटा बाजार में दोपहर एक मजदूर की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। बिहार निवासी मोहम्मद वकील कोल्ड ड्रिंक खरीदने के लिए दुकान पर पहुंचा था। कोल्ड ड्रिंक लेकर जैसे ही वह मुड़ा, उसे घबराहट महसूस हुई और वह वहीं बैठ गया। कुछ ही सेकेंड में उसकी मौत हो गई। घटना से बाजार में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर सदर बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

### निर्माणाधीन सरकारी अस्पताल में करता था मजदूरी

पुलिस के अनुसार, मृतक मोहम्मद वकील बिहार का रहने वाला था। वह कैंट क्षेत्र में निर्माणाधीन सरकारी अस्पताल में मजदूरी करता था और अन्य मजदूरों के साथ पास के एक किराये के मकान में रहता था। मंगलवार दोपहर करीब एक बजे वह बाजार में कोल्ड ड्रिंक खरीदने पहुंचा था। दुकान से कोल्ड ड्रिंक लेने के बाद अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई।

### घबराहट हुई, बैठा और चंद सेकेंड में थम गई सांसें

घबराहट महसूस होने पर मोहम्मद वकील सड़क किनारे बैठ गया। आसपास मौजूद लोग पहले कुछ समझ नहीं सके। जब तक लोग उसकी मदद के लिए पहुंचे, तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। चंद सेकेंड में हुई इस घटना से मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और बाजार में दहशत का माहौल बन गया।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगी मौत की वजह स्पष्ट

सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुरूआती जांच में मामला हार्ट अटैक या कार्डियक अरेस्ट से जुड़ा माना जा रहा है। हालांकि, मौत के सही कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

### परिजनों को दी गई सूचना

सदर बाजार थाना प्रभारी अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मृतक के परिजनों को बिहार में सूचना दे दी गई है। उनके मेरठ पहुंचने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म

### व्यापारियों ने किया प्रदर्शन, एसएसपी को ज्ञापन सौंपा; कहा– आरोपियों पर लगे रासुका

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , सरधना थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय छात्रा से कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले को लेकर मेरठ व्यापार मंडल ने विरोध जताया। संगठन के जिलाध्यक्ष जीतू सिंह नागपाल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। व्यापार मंडल ने आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई, राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाने और मुकदमे की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराकर जल्द सजा दिलाने की मांग की। संगठन ने कहा कि ऐसे अपराध समाज में डर का माहौल पैदा करते हैं, इसलिए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। अश्लील वीडियो बनाकर धमकाने का आरोपज्ञापन में व्यापार मंडल ने आरोप लगाया कि छात्रा के साथ जबरन दुष्कर्म किया गया और उसकी अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी गई। आरोप है कि वीडियो वायरल करने के नाम पर छात्रा से 10 लाख रुपये की मांग की गई। मानसिक उत्पीड़न से परेशान होकर छात्रा ने तेजाब पीकर जान देने की कोशिश की, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। संगठन ने अमान अंसारी, अमन और जुबैर समेत अन्य आरोपियों पर रासुका लगाने और फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कराकर कठोर सजा दिलाने की मांग की। बेटियों की सुरक्षा को बताया प्राथमिकताजिलाध्यक्ष जीतू सिंह नागपाल ने कहा कि महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। ऐसे अपराधों में किसी भी तरह की नरमी नहीं बरती जानी चाहिए।

उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले में निष्पक्ष जांच कर जल्द कार्रवाई करने की मांग की।

## गोल्ड जीतकर लौटीं दरोगा अस्मिता को कंधे पर बैठाया

### एयरपोर्ट पर फैंस ने नोटों की माला पहनाई, बोलीं– मुझे जीतना ही था

अमन लेखनी समाचार



उत्तर प्रदेश , कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड जीतने वाली गाजियाबाद की दरोगा अस्मिता डे ग्लासगो (स्कॉटलैंड) से लौट आई हैं। देर रात अस्मिता फ्लाइट से दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचीं। यहां ढोल-नगाड़ों के साथ उनका स्वागत हुआ। नोटों-फूलों की माला पहनाई गई। एक फैन ने उन्हें कंधे पर बैठा लिया। इस पर अस्मिता मुस्कुराते हुए बोलीं- उतार दो, नहीं तो गिर जाऊंगी। अस्मिता ने मीडियाकर्मियों से कहा- मेरा पहले से ही गोल्ड जीतने का टारगेट था। इसलिए मुझे जीतना ही था। बहुत अच्छा लग रहा है कि जूडो में भारत ने पहली बार 2 गोल्ड, 1 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज मेडल जीता। मैं चाहती हूं कि बच्चे इसमें और हिस्सा लें।

अस्मिता ने 31 जुलाई को जूडो में कनाडा की हेडी क्वाच को हराया था। गोल्ड जीतने के बाद वह भावुक हो गई थीं। उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े थे। उस वक्त उन्होंने कहा था- जहां से आती हूं, वहां लोग इतने बड़े सपने नहीं देखते। यहां तक पहुंचना आसान नहीं था।नेशनल में गोल्ड जीतने के बाद कॉन्स्टेबल से बनीं दरोगात्रिपुरा के बेलोनिया की रहने वाली अस्मिता डे ने 28 जुलाई 2023 को गाजियाबाद में स्पोर्ट्स कोटे से कॉन्स्टेबल के पद पर जॉइन किया था। उन्हें पुलिस लाइन में पोस्टिंग मिली। इस दौरान उनकी ट्रेनिंग भोपाल में चलती रही। नेशनल में गोल्ड जीतने के बाद अस्मिता को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया गया। 23 मार्च 2026 को वह दरोगा बन गईं।800 मीटर दौड़ छोड़ी, जूडो को बनाया करियर अस्मिता डे 800 मीटर दौड़ की एथलीट थीं। जिला स्तरीय ट्रायल के दौरान उनकी रुचि जूडो में बढ़ी। इसके बाद उन्होंने एथलेटिक्स छोड़कर जूडो को अपना खेल बना लिया। अस्मिता ने भोपाल के भारतीय खेल प्राधिकरण रीजनल सेंटर में कोच यशपाल सोलंकी की देखरेख में ट्रेनिंग ली। फिलहाल वह केंद्र सरकार की टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम के डेवलपमेंट ग्रुप का हिस्सा हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

पापा का सपोर्ट मुझे यहां तक लेकर आय अस्मिता ने कहा था- जब मैं छोटी थी, तब त्रिपुरा के अपने गांव में रहती थी। पापा ही मुझे स्कूल छोड़ने जाते थे। बचपन में दौड़ की तैयारी करती थी और जिला स्तर पर कई मेडल जीते। पापा मेरा हौसला बढ़ाते रहे और कहते थे- और मेहनत करो, आगे बढ़ो। बाद में मैंने जूडो चुना।स्टेट लेवल पर जीत हासिल की तो परिवार में खुशी का माहौल था। पापा और मम्मी ने मुझे हमेशा आगे बढ़ाया।

## कांवड़ यात्रा के बीच मेरठ में हथियार तस्करी का खुलासा

### तीन गिरफ्तार, ऑन डिमांड बनवाते थे पिस्टल-तमंचे, सरगना हाजी कयूम फरार, पश्चिमी यूपी में सप्लाई

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,कांवड़ यात्रा के दौरान मेरठ पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले एक बड़े गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह तीनों ऑन डिमांड हथियार तैयार कराकर उनकी सप्लाई करते थे। मुख्य सरगना अभी फरार है जिसकी तलाश में दबिश दी जा रही हैं। पुलिस गिरोह का नेटवर्क खंगाल रही है। थाना लोहियानगर पुलिस ने जाकिर कॉलोनी क्षेत्र में कार्रवाई कर लिसाड़ीगेट निवासी रिहान, शादाब और जरार को दबोच लिया। आरोपियों के कब्जे से तीन पिस्टल, छह तमंचे 315 बोर और छह मैगजीन बरामद हुई हैं। शुरूआती पूछताछ में सामने आया है कि गिरोह ऑन डिमांड अवैध हथियार तैयार कर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में उनकी सप्लाई करता था। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने खुलासा किया कि अवैध हथियार जाकिर कॉलोनी निवासी हाजी कयूम तैयार कराता था। ग्राहक की मांग के अनुसार पिस्टल और तमंचे बनवाकर उन्हें बेचने का काम यही गिरोह करता था। पुलिस के मुताबिक हाजी कयूम इस पूरे नेटवर्क का सरगना है और वह पहले भी अवैध हथियार निर्माण एवं तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। फिलहाल वह फरार है और उसकी तलाश में दबिश दी जा रही है।

### गिरोह का नेटवर्क खंगालने में जुटी पुलिस

सीओ कोतवाली संग्राम सिंह ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। साथ ही यह पता लगाया जा रहा है कि गिरोह में और कौन-कौन शामिल हैं, अब तक कितने हथियार तैयार किए गए और किन-किन जिलों में उनकी सप्लाई की गई। पुलिस को आशंका है कि गिरोह का नेटवर्क पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों तक फैला हो सकता है।

### कांवड़ यात्रा के बीच बढ़ी सतर्कता

कांवड़ यात्रा के बीच दो दिनों के भीतर हथियार तस्करों की गिरफ्तारी ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आवाजाही के बीच अवैध हथियारों का नेटवर्क सक्रिय होना सुरक्षा के लिहाज से गंभीर माना जा रहा है। इसके मद्देनजर पुलिस अधिकारियों ने सभी थाना प्रभारियों और विशेष टीमों को अतिरिक्त सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

## 7 निजी स्कूलों पर 7 लाख का जुर्माना

### तय सीमा से ज्यादा फीस बढ़ाई, 7.23% निर्धारित है, शुल्क विनियमन अधिनियम का उल्लंघन

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, नोएडा-ग्रेटर नोएडा के 7 निजी स्कूलों पर फीस बढ़ोतरी के नियम तोड़ने पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई की है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक में निर्धारित 7.23% से अधिक फीस बढ़ाने और शुल्क विनियमन अधिनियम का उल्लंघन करने पर सातों स्कूलों पर 1-1 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक हुई। बैठक में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए निजी स्कूलों की फीस वृद्धि और उत्तर प्रदेश स्ववित्त पोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम-2018 के अनुपालन की समीक्षा की गई। जांच में छह स्कूलों द्वारा निर्धारित 7.23% की सीमा से अधिक फीस बढ़ाने और एक स्कूल द्वारा कम्पोजिट फीस के अलावा अलग से एनुअल चार्ज वसूलने का मामला सामने आया।

## ट्रक की टक्कर से कांवड़िए की मौत

### बाइक से जा रहा था, ओवरटेक करने पर ट्रक से टकराया

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से सटे ठल्ट-9 पर देर रात सड़क हादसे में 20 साल के कांवड़िए की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों और अन्य कांवड़ियों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया, जिसके बाद यातायात दोबारा शुरू कराया गया। मृतक की पहचान दीपांशु (20) निवासी गांव छलेरा, नोएडा के रूप में हुई है। वह अपने तीन साथियों के साथ हरिद्वार कांवड़ लेने जा रहा था। सभी को 5 अगस्त को गंगाजल लेकर लौटना था।

### ओवरटेक के दौरान हुआ हादसा

रात दीपांशु की बाइक इंदिरापुरम क्षेत्र में ठल्ट-9 पर पहुंची। इसी दौरान एक ट्रक को ओवरटेक करते समय बाइक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक की चपेट में आ गई। हादसा इतना भीषण था कि दीपांशु की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठा उसका साथी मामूली रूप से घायल हो गया घटना स्थल पर लोगों से बात कर जानकारी लेते पुलिस के अधिकारी हादसे के बाद हाईवे पर लगाया जाम घटना की जानकारी मिलते ही दीपांशु के परिजन और अन्य कांवड़िए मौके पर पहुंच गए। नाराज लोगों ने ठल्ट-9 पर जाम लगा दिया, जिससे दिल्ली बॉर्डर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही एसीपी इंदिरापुरम सूर्यबली मौर्य और थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

## कंपनी में आग लगी, 2 फायरकर्मियों की मौत

### आग बुझाते वक्त दीवार गिरी, 500 लोगों को सुरक्षित निकाला

अमन लेखनी समाचार




गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा में इलेक्ट्रॉनिक चिप बनाने वाली कंपनी में लगी आग बुझाने गए फायर ब्रिगेड के 2 जवानों की मौत हो गई। तड़के 3 बजे आग की सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और फायरकर्मियों ने सबसे पहले कंपनी में नाइट शिफ्ट कर रहे 500 कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद जब टीम आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही थी, तभी कंपनी की एक दीवार और लोहे का बीम अचानक भरभराकर गिर गया। 5 फायरकर्मी मलबे में दब गए। सभी को तुरंत रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया। तीन अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। घटना ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र की कंपनी की है कंपनी में आग लगने से मची अफरा-तफरी ईकोटेक-3 स्थित कंपनी में करीब 1500 कर्मचारी काम करते हैं। मंगलवार तड़के कंपनी से आग की ऊंची-ऊंची लपटें और धुएं का गुबार उठने लगा। उस वक्त नाइट शिफ्ट में करीब 500 कर्मचारी काम कर रहे थे। आग लगते ही कंपनी में अफरा-तफरी मच गई। कई कर्मचारी अंदर फंस गए। सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई।

# माफिया अतीक अहमद के बेटे अबान सहित दो की सड़क हादसे में मौत

**झांसी – कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीषण सड़क हादसा**

**अमन लेखनी समाचार**



झांसी। झांसी-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पूंछ थाना क्षेत्र के खिल्ली गांव के पास देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में माफिया अतीक अहमद के सबसे छोटे बेटे अबान अहमद समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, अबान अपने बड़े भाई अली अहमद से मिलने झांसी आ रहा था, जो वर्तमान में झांसी जेल में बंद है। जानकारी के अनुसार, प्रयागराज निवासी अहजम (28), मोहम्मद जैद (30), उमर (24), अबान अहमद और सोनू खान एक ही कार से झांसी की ओर रवाना हुए थे। जैसे ही उनकी कार झांसी के पूंछ थाना क्षेत्र अंतर्गत खिल्ली गांव के पास हाईवे पर पहुँची, तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित होकर सीधे डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। हादसे में अबान अहमद और सोनू खान ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि अहजम, मोहम्मद जैद और उमर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची और राहत कार्य शुरू किया। क्षतिग्रस्त कार को हाईवे से हटवाकर यातायात बहाल कराया गया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। गौरतलब है कि अली अहमद को 1 अक्टूबर 2025 को प्रयागराज की नैनी जेल से झांसी जेल शिफ्ट किया गया था, जिससे मिलने के लिए परिवार और परिचित झांसी आ रहे थे। पुलिस ने घटना के कारणों की जाँच शुरू कर दी है।

# गरौठा से चित्रकूट धाम के लिए पैदल रवाना हुए श्रद्धालु



**समाजसेवियों व व्यापारियों द्वारा किया गया स्वागत**

**अमन लेखनी समाचार**

गरौठा (झांसी)। सावन माह में भगवान कामतानाथ जी के दर्शन एवं परिक्रमा के लिए गरौठा खुर्द से सैकड़ों श्रद्धालुओं का पैदल जत्था गुरुवार को चित्रकूट के लिए रवाना हुआ। पिछले 16 वर्षों से चली आ रही इस धार्मिक परंपरा के तहत हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल यात्रा कर चित्रकूट पहुंचते हैं। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर गरौठा के टोला तिराहा पर समाजसेवी जंग बहादुर यादव ने अपनी टीम के साथ श्रद्धालुओं का तिलक कर स्वागत किया। इस दौरान यात्रियों को मिष्ठान वितरित किया गया तथा पानी की बोतलें भेंट कर उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की गई। बताया गया कि सभी श्रद्धालु अमावस्या से एक दिन पूर्व चित्रकूट पहुंचेंगे। वहां रात्रि विश्राम के बाद भगवान कामतानाथ के दर्शन कर पवित्र परिक्रमा पूरी करेंगे और इसके पश्चात अपने-अपने घरों के लिए प्रस्थान करेंगे। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं में गहरी आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिला।इस अवसर पर समाजसेवी सुशील विश्वकर्मा (सोनू), गोविन्द नारायण गुप्ता, रविंद्र सर सुटी सेठ, नारायण सेठ, पुष्पेंद्र महाराज, रानू पटेल, विष्णु खरे सुनील तिवारी, राजेश गुप्ता, अनूप गुप्ता भारती अग्रवाल (पार्षद) सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

# बेलवाकाजी पुल पर पलटा मोरंग लदा ट्रेलर, रात के अंधेरे में बैट्री और सामान ले उड़े चोर

**अमन लेखनी समाचार**



महराजगंज सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलवाकाजी स्थित पुल पर मंगलवार की देर रात मोरंग-बालू लदा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पुल की उत्तरी रेलिंग तोड़ते हुए पलट गया। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए ट्रेलर में फंसे चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार, ट्रेलर संख्या यूपी 53 एचटी 8927 बागापार की ओर से फुरसतपुर जा रहा था। मंगलवार रात करीब 11 बजे जैसे ही वाहन बेलवाकाजी पुल पर पहुंचा, चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और भारी-भरकम ट्रेलर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए सड़क किनारे पलट गया। घटना की सूचना मिलते ही बागापार चौकी पुलिस, डायल-112 और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस और राहत दल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। हादसे के बाद आशंका जताई गई कि ट्रेलर के नीचे कोई व्यक्ति दबा हो सकता है। इस सूचना पर पुलिस ने करीब एक घंटे तक सघन तलाशी अभियान चलाया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। बाद में संबंधित व्यक्ति के सकुशल घर पहुंचने की जानकारी मिलने पर पुलिस और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। चालक को मामूली चोटें आईं, जिनका मौके पर ही निजी चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार कराया गया। रात के अंधेरे में चोरों ने किया हाथ साफ बुधवार सुबह चालक ने बताया कि रात में सुनसान और अंधेरे का फायदा उठाकर कुछ अज्ञात लोग ट्रेलर के पास पहुंचे और वाहन में रखे सामान के साथ उसकी बैट्री भी खोलकर ले गए। सुबह जांच करने पर बैट्री और अन्य सामान गायब मिलने के बाद चालक ने पुलिस को इसकी सूचना दी। चालक चौक थाना क्षेत्र के विजयपुर गांव का निवासी बताया जा रहा है। घटना के बाद क्षतिग्रस्त पुल की रेलिंग और पलटे ट्रेलर को देखने के लिए दिनभर लोगों की भीड़ लगी रही। बागापार चौकी प्रभारी ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। चालक द्वारा वाहन से बैट्री और सामान चोरी होने की शिकायत दी गई है। मामले की जांच की जा रही है तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## फरेन्दा पुलिस द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**



महराजगंज जनपद में पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी द्वारा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक महराजगंज के मार्गदर्शन में एवं क्षेत्राधिकारी फरेन्दा के पर्यवेक्षण में थाना फरेन्दा पुलिस टीम द्वारा एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 05.08.2026 को थाना फरेन्दा पुलिस टीम द्वारा अनिल कुमार गुप्ता पुत्र राजेन्द्र कुमार, निवासी रुदलापुर (स्टेट बैंक के पीछे), फत्तमुल टोला, वार्ड नं.-15, आनंदनगर, थाना फरेन्दा, जनपद महराजगंज, को अपराध संख्या 1001/96, धारा 452, 504, 506 भादवि से संबंधित वारंट के अनुपालन में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है

# रहस्यमय ढंग से लापता हुई किशोरी, गांव के युवक पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का परिजनों ने लगाया आरोप

**अमन लेखनी समाचार**




महराजगंज कोल्हुई थाना क्षेत्र के एक गांव से स्कूल जाने के लिए घर से निकली एक किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, किशोरी रोज की तरह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन काफी देर बीत जाने के बाद भी वह वापस नहीं लौटी। परिजनों ने अपने स्तर पर रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजन कोल्हुई थाने पहुंचे और गांव के ही एक युवक के खिलाफ तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। तहरीर मिलने के बाद कोल्हुई पुलिस ने संबंधित धाराओं में अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं और मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है। साथ ही नामजद युवक की तलाश भी तेज कर दी गई है। कोल्हुई थाना प्रभारी निरीक्षक कुंवर गौरव सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। किशोरी की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस की टीमें लगातार प्रयासरत हैं और संभावित स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है तथा जल्द ही किशोरी को सकुशल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

# डीएम के निर्देश पर हरकत में आया प्रशासन, निमार्णाधीन सड़क से हटाया गया अतिक्रमण

**अमन लेखनी समाचार**




महराजगंज जनपद के नगर पंचायत परतावल के वार्ड संख्या 11 स्वतंत्रता सेनानी नगर में निमार्णाधीन सड़क अतिक्रमण की जद में आने से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त था। वार्डवासियों ने तहसील दिवस में जिलाधिकारी महराजगंज से शिकायत कर सार्वजनिक मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर पंचायत प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई की। बुधवार को नगर पंचायत परतावल के अधिशासी अधिकारी अवनीश यादव के नेतृत्व में लिपिक निसार खान ने पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में अभियान चलाकर निमार्णाधीन सड़क से अतिक्रमण हटवाया। कार्रवाई के दौरान सार्वजनिक मार्ग को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराते हुए आवागमन को सुचारु कराया गया। अधिशासी अधिकारी अवनीश यादव ने कहा कि सार्वजनिक भूमि, सड़क एवं सरकारी संपत्तियों पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण स्वीकार नहीं किया जाएगा। नगरवासियों की सुविधा और विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## जनपद स्तरीय डेयरी सम्मेलन में किसानों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारियाँ

**अमन लेखनी समाचार**

महराजगंज जनपद स्तरीय डेयरी सम्मेलन का आयोजन बुधवार को जिले में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में दुग्ध उत्पादक किसानों, पशुपालकों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्देश्य किसानों को आधुनिक डेयरी प्रबंधन, पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की तकनीक तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देना रहा। सम्मेलन में विशेषज्ञों ने किसानों को संतुलित पशु आहार, समय पर टीकाकरण, कृत्रिम गभार्धान, पशुओं की नियमित स्वास्थ्य जांच तथा स्वच्छ दुग्ध उत्पादन के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक तरीके अपनाकर पशुपालक कम लागत में अधिक दूध उत्पादन कर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने डेयरी विकास से जुड़ी सरकारी योजनाओं, अनुदान, पशु बीमा, डेयरी इकाई स्थापना एवं दुग्ध सहकारी समितियों से जुड़ने के लाभों की जानकारी दी।

## एम-पैक्स गैपुरा में पास मशीन न चलने से किसानों को नहीं मिली यूरिया, घंटों इंतजार के बाद लौटे किसान

**अमन लेखनी समाचार**

मीरजापुर । गैपुरा एम-पैक्स गैपुरा पर प्रभारी सचिव द्वारा पास मशीन संचालित नहीं किए जाने के कारण क्षेत्र के किसानों को यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है। बुधवार सुबह करीब छह बजे से सैकड़ों किसान यूरिया लेने के लिए समिति पर पहुंच गए, लेकिन दोपहर 12 बजे तक इंतजार करने के बाद भी खाद नहीं मिलने पर मजबूर होकर किसान वापस लौट गए। किसानों का कहना है कि गैपुरा की सोसायटी चार न्याय पंचायतों से जुड़ी क्षेत्र की सबसे बड़ी समितियों में शामिल है। यहां पूर्व में कैडर के सचिव की तैनाती थी, लेकिन किसी कारणवश कैडर सचिव को हटाकर विक्रेता/आंकिक को सचिव का प्रभार दे दिया गया है। किसानों का आरोप है कि प्रभारी सचिव को पास मशीन संचालित करने का पर्याप्त ज्ञान नहीं होने के कारण खाद वितरण प्रभावित हो रहा है। किसानों ने मांग की है कि गैपुरा समिति में तत्काल प्रभाव से कैडर के सचिव की नियुक्ति की जाए, ताकि किसानों को समय पर यूरिया खाद मिल सके। किसान गेंदा देवी, योगेंद्र कुमार, भैरो प्रसाद शुक्ल, जटा शंकर, रामछबिले, जोगेंद्र कुमार, श्याम सुंदर, अखिलेश पाल, लालचंद आदि ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे धरना-प्रदर्शन करने और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने के लिए मजबूर होंगे।

# सिंदुरिया पुलिस/सीपीयू टीम ने दिव्यांगजनों से संवाद कर जानी समस्याएं; सरकारी योजनाओं के प्रति किया जागरूक

**अमन लेखनी समाचार**



पुलिस अधीक्षक महराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में जनसेवा एवं पुलिस-जन संवाद को मजबूत करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे कम्युनिटी पुलिसिंग' अभियान के अंतर्गत, आज दिनांक 05.08.2026 को थाना सिंदुरिया जनपद महराजगंज की सीपीयू (उढव) टीम द्वारा क्षेत्र के दिव्यांगजनों के साथ विशेष संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीपीयू टीम द्वारा दिव्यांगजनों से प्रत्यक्ष मुलाकात कर उनकी दैनिक समस्याओं, सुरक्षा एवं सुविधाओं से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही, किसी भी आपातकालीन स्थिति अथवा समस्या में तत्काल पुलिस सहायता प्रदान करने के लिए पूरी तरह आश्वस्त किया गया। शासन द्वारा दिव्यांगजनों के सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण हेतु चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, ताकि वे इन योजनाओं का सुगमता से लाभ उठा सकें। बातचीत के दौरान दिव्यांगजनों ने क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या न होने की बात कही तथा पुलिस की इस संवेदनशील पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपनी कुशलता प्रकट की। पुलिस सदैव समाज के हर वर्ग, विशेषकर दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा व सहायता के लिए तत्पर है। कम्युनिटी पुलिसिंग के माध्यम से आमजन और पुलिस के बीच विश्वास का संबंध और अधिक बढ रहा है ।

# संडीला-बांगरमऊ मार्ग पर गिरे दो विशाल पेड़, घंटों बाधित रहा यातायात

**अमन लेखनी समाचार**



कासिमपुर (हरदोई)। गुरुवार को तेज हवा के चलते संडीला-बांगरमऊ मार्ग पर दो अलग-अलग स्थानों पर विशालकाय पेड़ गिर जाने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ा। पहली घटना कासिमपुर कस्बे से कुछ पहले हुई, जहां तेज हवा के कारण एक विशाल पेड़ अचानक सड़क के बीचों-बीच गिर पड़ा। देखते ही देखते मार्ग के दोनों ओर छोटे-बड़े वाहनों की लंबी लाइन लग गई। कई लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए पैदल निकलने को मजबूर हुए, जबकि कुछ वाहन चालक वैकल्पिक रास्तों की तलाश करते नजर आए। स्थानीय लोग अभी पेड़ को हटाकर यातायात बहाल करने का प्रयास कर ही रहे थे कि कुछ देर बाद इसी मार्ग पर गुलाबीखेड़ा गांव के पास भी एक और विशालकाय पेड़ सड़क पर गिर गया। दूसरे स्थान पर पेड़ गिरने से संडीला-बांगरमऊ मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया और कई वाहन बीच रास्ते में फंस गए। इससे क्षेत्र में लंबे समय तक यातायात प्रभावित रहा। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण और संबंधित विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। पेड़ों की शाखाओं को काटकर हटाने का कार्य शुरू किया गया, जिसके बाद धीरे-धीरे यातायात सामान्य हो सका। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग किनारे कई पुराने और जर्जर पेड़ खड़े हैं, जो तेज हवा या बारिश के दौरान कभी भी हादसे का कारण बन सकते हैं। लोगों ने प्रशासन से ऐसे पेड़ों की तत्काल पहचान कर उन्हें हटाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# तिरंगा यात्रा को सफल बनाने का कार्यकताओं ने लिया संकल्प

**भाजपा मंडल बेहंदर की मासिक बैठक में संगठन सशक्तिकरण और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर दिया गया जोर**

**अमन लेखनी समाचार**



बेहंदर, हरदोई। भारतीय जनता पार्टी मंडल बेहंदर कार्यालय में गुरुवार को मासिक बैठक एवं आगामी तिरंगा यात्रा के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सोनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गोपेंद्र मिश्रा ने की। मुख्य अतिथि महेंद्र सोनी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रियता और समर्पण पर निर्भर करती है। उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए आगामी तिरंगा यात्रा को भव्य, अनुशासित और ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी कार्यकताओं से जुटने की अपील की। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और जनजागरण का प्रतीक है। इसके सफल आयोजन के लिए बूथ स्तर तक कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपने, व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक तिरंगा यात्रा को सफल बनाने का संकल्प लिया। साथ ही संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण तथा आगामी पार्टी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का समापन संगठन हित में पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ कार्य करने के आह्वान के साथ हुआ।

# मोरवा में विकास कार्यों की समीक्षा, एमपी-यूपी सीमा पर बनेगा भव्य स्वागत द्वार



**अमन लेखनी समाचार**

सिंगरौली, 5 अगस्त। नगर निगम आयुक्त सविता प्रधान ने बुधवार को मोरवा उप कार्यालय का निरीक्षण कर विभागीय कार्यों एवं विकास योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने पेयजल, स्वच्छता, अग्निशमन, यातायात, अतिक्रमण नियंत्रण तथा नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय पार्षदों के साथ विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए आयुक्त ने मध्य प्रदेशझउत्तर प्रदेश सीमा पर नगर निगम की पहचान को सुदृढ़ बनाने के लिए भव्य स्वागत द्वार निर्माण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से शीघ्र प्राक्कलन तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने उप कार्यालय में आवश्यक फर्नीचर एवं अन्य संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण, नियमित पेयजल आपूर्ति और डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने पर्याप्त वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। आयुक्त ने बताया कि मोरवा क्षेत्र के लिए जल्द ही शव वाहन उपलब्ध कराया जाएगा।

## सपा ने मनाई पूर्व केंद्रीय मंत्री जनेश्वर मिश्र की 93वीं जयंती

जगदीश प्रसाद/विंध्यज्योति

मीरजापुर।5 अगस्त। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं समाजवादी चिंतक स्व. पंडित जनेश्वर मिश्र की 93वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान आयोजित गोष्ठी में जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि जनेश्वर मिश्र अपनी सादगी, विचारों और समाजवाद के प्रति समर्पण के कारण छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध हुए। उनके आदर्श आज भी समाजवादी विचारधारा के लिए प्रासंगिक हैं। पूर्व जिला सहकारी बैंक चेयरमैन एडवोकेट सुरेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि जनेश्वर मिश्र ने जीवनभर गरीबों और आम जनता के हक की लड़ाई लड़ी।

## कछ्वां में संत रविदास जयंती वर्ष पर कलश वंदन कार्यक्रम आयोजित

जगदीश प्रसाद/विंध्यज्योति

मीरजापुर, 5 अगस्त। भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज के नेतृत्व में संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर समरसता संकल्प अभियान के तहत कछवां मंडल में कलश वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। काशी स्थित संत रविदास जी की जन्मस्थली से आए पवित्र मिट्टी के कलश का कछवां नगर पंचायत के हनुमान मंदिर, माता पटन देवी मंदिर, शंकर मंदिर, रामलीला मैदान एवं दुर्गा माता मंदिर दलित बस्ती में पूजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री डॉ. सीएल बिंद ने कहा कि संत रविदास जी की पवित्र कलश यात्रा श्रद्धा, आस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



हेल्थ चेकअप
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब गले में फील हो दर्द और खराश



**मेरी उम्र 45 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरे गले में दर्द बना हुआ है। इस वजह से कुछ भी खाने-पीने में तकलीफ होती है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है और यह कैसे ठीक होगा?**

**-अनिल, बिलासपुर**

हालांकि इस समय मौसम में उतार-चढ़ाव है यानी, बारिश होने पर ठंडा हो जाना और धूप निकलने पर गर्म होना। ऐसे में ठंडा पानी या फ्रिज में रखी चीजें खाने से इस तरह की समस्या आती हैं। आप ठंडा पानी और फ्रिज में रखी ठंडी चीजें बिल्कुल ही ना खाएं। इसके अलावा सुबह-शाम गर्म पानी में नमक डालकर गरारा करें। इससे आराम मिल सकता है। अगर आराम न मिले तो जरूर आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर चेकअप करवा सकते हैं। कई बार टांसिल की समस्या भी हो जाती है, जिसके लिए मेडिसिन लेनी पड़ती है।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी आंखों से पानी रिसता रहता है। आंखों में कुछ चुभने जैसा भी महसूस होता रहता है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-मनीष, रायपुर**

पिछले कुछ दिनों का मतलब दो-चार दिन या इससे अधिक दिन, क्योंकि कई बार आंख में कुछ चले जाने के बाद चार-पांच दिन इस तरह की समस्या बनी रहती है। आंखों में चुभन होती है और पानी आता है। लेकिन अगर ऐसा नहीं है और समस्या इससे अधिक दिन से है तो जरूर आपको एक बार आंखों के डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। इस बात का ध्यान जरूर रखें कि किसी दूसरे सलाह पर कोई भी दवा मेडिकल स्टोर से लेकर आंख में ना डालें। इससे आपको नुकसान पहुंच सकता है। राहत के लिए दिन में आंखों को ठंडे पानी से धुलें।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मुझे खाना ठीक से हजम नहीं होता है। खाने के बाद मितली आने लगती है। पेट हमेशा भारी-भारी रहता है। इस वजह से सुस्ती भी छाई रहती है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का कोई सॉल्यूशन बताएं।**

**-मुकेश, रायगढ़**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपका डाइजेशन सिस्टम ठीक नहीं है। इसके लिए सबसे पहले आपको अपना खान-पान और लाइफस्टाइल सुधारनी होगी। सुबह वॉक करें। ब्रेकफास्ट में ऑयली या तली-भुनी चीज बिल्कुल ना खाएं। लंच में सलाद और दही या छाछ जरूर लें। रात का खाना बिल्कुल ही हल्का करें और सोने से 3 घंटे पहले खाना खा लें। इस तरह डाइट हैबिट में चेंज करने से आपको आराम मिल सकता है।

**मेरी उम्र 37 वर्ष है। मुझे यह जानना है कि बहुत से एक्सपर्ट्स बारिश के मौसम में हरी सब्जियां नहीं खाने की सलाह देते हैं। क्या यह सही है? क्या इन्हें खाना सेहत के लिए नुकसानदायक भी हो सकता है?**

**-सचिन, भोपाल**

जी यह बात सही है। हालांकि हरी सब्जी नुकसानदेय नहीं है। लेकिन बारिश और उमस की वजह से इस मौसम में इन सब्जियों में जल्दी कीटाणु लग जाते हैं। इससे बचने के लिए इनमें पेस्टिसाइड का इस्तेमाल होता है या कई बार अगर पेस्टिसाइड का प्रयोग नहीं हुआ तो भी कीटाणु होने की संभावना अधिक रहती है। जो हमारे सेहत के लिए नुकसानदेय होते हैं। इसलिए इस मौसम में हरी सब्जी खाने से मना किया जाता है।

**मेरी उम्र 59 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मेरा मन बेवजह बेचैन रहता है। किसी भी काम में मन नहीं लगता। सुस्ती छाई रहती है। कृपया मेरी इस समस्या का कारण और निदान बताएं।**

**-युगल किशोर, रोहतक**

सबसे पहले आप इस बात पर गौर करें कि पिछले कुछ दिनों में ऐसा क्या हुआ है या आपके जीवन में कोई असामान्य घटना घटी है क्या? क्योंकि ऐसे मामले में प्रायः देखा गया है कि समस्या शुरू होने के बाद बेचैनी शुरू हो जाती है। अगर ऐसा है तो पहले आप उस समस्या का समाधान करें। इसके साथ ही रुटीन लाइफ जरूर फॉलो करें। यानी सुबह समय पर उठना। और टाइम से नाश्ता, खाना-पीना। अगर इस तरह से भी आपको आराम नहीं मिलता है तो जरूर आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क करना पड़ेगा। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

मेंटल हेल्थ
रजनी अरोड़ा

तमाम तरह की जिम्मेदारियों का बोझ, अनियमित जीवनशैली, डिजिटल एडिक्शन, वर्क प्रेशर, फ्यूचर प्लानिंग्स जैसे कई कारणों से आज के दौर में तमाम लोग मेंटल क्लटर का सामना करते हैं। ध्यान न देने पर इससे गंभीर मेंटल इश्यूज पैदा हो सकते हैं। ऐसे में जरूरी है कि इसके कारणों को समझते हुए मेंटल क्लटर को रिमूव करने के उपाय किए जाएं। इस बारे में हम दे रहे हैं बहुत यूजफुल सजेशंस।

# ऐसे रिमूव करें मेंटल क्लटर रहिए मेंटली फिट-एनर्जेटिक







आज के डिजिटल युग में हमारा मस्तिष्क पहले की तुलना में कहीं अधिक जानकारी ग्रहण कर रहा है। सुबह उठते ही मोबाइल नोटिफिकेशन, सोशल मीडिया, ई-मेल, समाचार, कार्यस्थल का दबाव, पारिवारिक जिम्मेदारियां और भविष्य की योजनाएं। ये सभी मिलकर दिमाग पर लगातार प्रेशर डालते रहते हैं।

## क्या होता है मेंटल क्लटर

दिमागी दबाव के कारण तनाव हार्मोन कॉर्टिसोल बढ़ सकता है। रक्तचाप बढ़ने की संभावना भी रहती है। नींद की गुणवत्ता खराब हो सकती है। रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हो सकती है। बार-बार सिरदर्द और थकान महसूस हो सकती है। लंबे समय तक ऐसा रहने पर स्ट्रेस, एंजाइटी और डिप्रेशन का जोखिम भी बढ़ सकता है। विशेषज्ञ इसे मेंटल क्लटर यानी मानसिक अव्यवस्था, दिमागी उलझन कहते हैं। यह कोई मानसिक रोग नहीं है, बल्कि हमारे मस्तिष्क पर बढ़ते संज्ञानात्मक और भावनात्मक बोझ का संकेत है। मेंटल क्लटर एक दिन में नहीं बनता और एक दिन में खत्म भी नहीं होता। यह धीरे-धीरे जमा हुई चिंताओं, जिम्मेदारियों, अधूरी भावनाओं और लगातार भागती हुई जिंदगी का परिणाम होता है। जब मन हर समय भरा हुआ रहता है, तो किसी काम में कंसंट्रेट कर पाना मुश्किल हो जाता है, इससे तनाव बढ़ जाता है।

**कम हो सकता है मेंटल क्लटरः** जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव करके या छोटी-छोटी अच्छी आदतें अपनाकर इस मेंटल क्लटर को धीरे-धीरे कम किया जा सकता है। क्योंकि शांत मन ही सबसे बड़ी सफलता, सबसे बड़ी संपत्ति और सबसे बड़ी आजादी है। जब व्यक्ति अपने मन को व्यवस्थित करना शुरू करता है, तो तनाव कम होने लगता है और मन अनावश्यक बोझ से मुक्त होता है। व्यक्ति बेहतर निर्णय ले पाता है, अधिक रचनात्मक बनता है और जीवन का आनंद अधिक संतुलित ढंग से उठा पाता है। जीवन की सबसे बड़ी दौड़ बाहर नहीं, हमारे अपने मन के भीतर चलती है। यदि मन में अनावश्यक विचारों, डर, तुलना और पछतावे का शोर भरा रहेगा, तो बाहरी सफलता भी सच्ची खुशी नहीं दे पाएगी। इसलिए समय-समय पर अपने मन को भी व्यवस्थित करना जरूरी है। जो बातें व्यक्ति के नियंत्रण में नहीं हैं। उन्हें स्वीकार करना चाहिए। जो बदल सकती हैं, उनके लिए प्रयास करना चाहिए और जो बातें केवल मानसिक बोझ बढ़ाती हैं, उन्हें जाने देना चाहिए।

**अपनाएं ब्रेन डंप तकनीकः** यदि दिमाग में लगातार विचार घूम रहे हों, तो उन्हें बार-बार सोचने के बजाय कागज पर लिख दें। इसे ब्रेन डंप कहा जाता है। इसमें आप अधूरे काम की चिंताएं, आइडिया, अगले दिन की योजना, महत्वपूर्ण बातें एक डायरी में लिख देते हैं। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि लिखने से मस्तिष्क को यह संदेश मिल जाता है कि जानकारी सुरक्षित है। इससे उसे हर समय याद रखने की आवश्यकता नहीं रहती और मानसिक दबाव कम होने लगता है।

**डेली 10 मिनट नो वर्क टाइमः** आज अधिकांश लोग हर खाली समय में मोबाइल उठा लेते हैं। लेकिन मस्तिष्क को भी आराम चाहिए। दिन में 10-15 मिनट बिना मोबाइल, बिना टीवी, बिना संगीत, बिना किसी काम के केवल शांत बैठें। यह समय मस्तिष्क को विचारों को व्यवस्थित करने का अवसर देता है।

**करें माइंडफुलनेस का अभ्यासः** मेंटल क्लटर का सबसे बड़ा कारण है दिमाग का हमेशा अतीत या भविष्य में रहना। माइंडफुलनेस हमें वर्तमान क्षण में लौटना सिखाती है। जैसे सांसों पर ध्यान देना, धीरे-धीरे भोजन करना, टहलते समय आस-पास की आवाजों को महसूस करना। शोध बताते हैं कि नियमित माइंडफुलनेस से तनाव कम होता है, ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ती है।

**डिजिटल डिटॉक्स करेंः** हर नोटिफिकेशन मस्तिष्क का ध्यान भंग करता है। विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि फोन से अनावश्यक एप्स हटाएं, नोटिफिकेशन सीमित रखें, सुबह उठते ही मोबाइल न देखें, रात में सोने से एक घंटा पहले स्क्रीन बंद कर दें। सप्ताह में एक दिन नो-स्क्रीन डे रखें। इससे मस्तिष्क को लगातार मिलने वाली सूचनाओं का दबाव कम होता है।

**निर्णयों की संख्या कम करेंः** दिन भर छोटे-छोटे निर्णय भी मानसिक ऊर्जा खर्च करते हैं। इसे डिसीजन फटीग कहा जाता है। इसे कम करने के लिए अगले दिन के कपड़े रात में ही निकाल लें। सप्ताह भर के भोजन की योजना पहले बना लें। कामों की सूची पहले से तैयार रखें। इससे दिमाग महत्वपूर्ण निर्णयों पर अधिक ऊर्जा लगा पाता है।

**अधूरे काम पूरे करेंः** मनोविज्ञान में जीगार्निक प्रभाव नामक सिद्धांत बताता है कि अधूरे काम दिमाग में बार-बार आते रहते हैं। इसलिए छोटे काम तुरंत पूरे करें, बड़े कामों को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटें, हर पूरा काम सूची से काट दें। इससे मानसिक संतुष्टि मिलती है और क्लटर कम होता है।



**पर्याप्त नींद लेंः** नींद के दौरान मस्तिष्क पूरे दिन की जानकारी को व्यवस्थित करता है। कम नींद लेने पर ध्यान कम होता है, याद्दाश्त कमजोर होती है, मानसिक क्लटर बढ़ता है। अधिकांश वयस्कों के लिए प्रतिदिन 7-9 घंटे की गुणवत्तापूर्ण नींद आवश्यक मानी जाती है।

**शरीर को सक्रिय रखेंः** नियमित व्यायाम केवल शरीर ही नहीं, मस्तिष्क के लिए भी लाभदायक है। रोज 30 मिनट तेज चलना, योग, साइकिल चलाना, तैराकी। डब्ल्यूएचओ भी सप्ताह में कम-से-कम 150 मिनट मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम की सलाह देता है।

**अपनी भावनाएं व्यक्त करेंः** कई लोग अपनी परेशानियां मन में दबाकर रखते हैं। दबी हुई भावनाएं भी मानसिक क्लटर बन जाती हैं। इसलिए विश्वसनीय मित्र से बात करें, परिवार के साथ समय बिताएं, आवश्यकता हो तो साइको काउंसलर की सहायता भी ले सकते हैं।

**मल्टीटास्किंग से बचेंः** एक साथ कई काम करने से उत्पादकता बढ़ती नहीं, बल्कि दिमाग एक काम से दूसरे काम पर जाता रहता है, इसे टास्क स्विचिंग कहते हैं। इसके बजाय एक समय में एक ही काम करें, पूरा ध्यान उसी पर दें, फिर छोटा-सा ब्रेक लें।

**मेंटल बाउंडरीज तय करेंः** हर समस्या आपकी जिम्मेदारी नहीं होती। हर बहस में शामिल होना जरूरी नहीं। हर व्यक्ति को खुश रखना संभव नहीं। स्वस्थ मेंटल बाउंडरीज बनाना मानसिक शांति के लिए जरूरी है। *

**(ब्रिटिश यूनिवर्सिटी, बहरीन में साइकोलॉजी की प्रोफेसर डॉ. कोमल चावला से बातचीत पर आधारित)**



### प्रकृति के साथ समय बिताएं

हरी घास, पेड़, पक्षियों की आवाज और खुला आसमान मस्तिष्क को शांत करते हैं। अध्ययनों में पाया गया है कि सप्ताह में कुछ समय प्राकृतिक वातावरण में बिताने से तनाव कम हो सकता है और मानसिक स्पष्टता बढ़ सकती है।



डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. नीरज संदूजा
डायरेक्टर-विजन आई एंड रेटिना सेंटर, गुरुग्राम

अगर आपको डायबिटिक रेटिनोपैथी की समस्या है तो इसके इलाज में लापरवाही बरतने या देरी करने से दृष्टि के कमजोर होने या फिर लॉस होने का रिस्क बढ़ जाता है। ऐसे में इस बारे में पूरी सावधानी बरतना जरूरी है।

# आंखों के लिए हार्मफुल डायबिटिक रेटिनोपैथी



उच्च रक्त शर्करा (हाई ब्लड शुगर) का स्तर लंबे समय बाद आंखों की रेटिना को नुकसान पहुंचा सकता है। मधुमेह (डायबिटीज) के कारण रेटिना पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को डायबिटिक रेटिनोपैथी कहा जाता है। रेटिनोपैथी के कारण आंखों की रेटिना में रक्त वाहिकाओं (ब्लड वेसल्स) को नुकसान पहुंचता है। रेटिनोपैथी के लक्षण आमतौर पर दोनों आंखों को प्रभावित करते हैं।

**सचेत होना है जरूरीः** मधुमेह से संबंधित रेटिनोपैथी की शुरुआती स्थिति में लक्षण सामने नहीं भी आ सकते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह समस्या तब तक दृष्टि में बदलाव लाना शुरू नहीं करती, जब तक कि क्षति अधिक गंभीर या आपकी रेटिना में व्यापक रूप से न फैल जाए। इसके बावजूद कुछ लक्षणों के सामने आने पर सचेत होना बेहतर रहेगा। इनमें शामिल हैं- आंखों के आगे काले धब्बे, जाल या धागे जैसे निशान घूमना। किसी व्यक्ति या वस्तु को स्पष्ट रूप से देखने में दिक्कत या धुंधला दिखना। रात में देखने की क्षमता का कमजोर होना। रंगों का फीका या धुंधला दिखना। दृष्टि धीरे-धीरे क्षीण होना।



कभी साफ तो कभी अचानक बहुत धुंधला दिखना। देखने के दायरे में खाली या काले घेरे महसूस होना।

**कराएं डाइलेटेड आई एग्जामः** डायबिटीज से पीड़ित सभी लोगों को नेत्र रोग विशेषज्ञ से परामर्श लेकर आंखों की पूरी जांच, खासकर 'डाइलेटेड आई एग्जाम' (आंख की पुतली फैलाकर की जाने वाली जांच) करवाना चाहिए। 'डाइलेटेड आई एग्जाम' से लक्षण दिखने से पहले ही रेटिना में होने वाले बदलावों का पता लगाने में मदद मिलती है और मरीजों की आंखों में हुए शुरुआती नुकसान का पता लगाया जा सकता है। स्पष्ट है, ऐसी स्थिति में नेत्र विशेषज्ञ मरीज की आंखों की रोशनी पर दुष्प्रभाव पड़ने से पहले ही इलाज शुरू कर सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप आंखों की रोशनी बचाने में बहुत मदद मिल सकती है।

**बचाव के तरीकेः** डायबिटिक रेटिनोपैथी से बचाव भी संभव है। इसके लिए डायबिटिक पेशेंट्स को कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

**कंट्रोल रखें ब्लड शुगरः** शुगर को सामान्य रखना बीमारी को और अधिक बिगड़ने से रोकने का सबसे पहला उपाय है। अपने ब्लड शुगर और एचबीए1सी के स्तर को डॉक्टर की सलाह के मुताबिक सही सीमा में रखें।

**नियमित जांचः** साल में कम से कम एक बार नेत्र विशेषज्ञ से चेकअप कराएं और डायलेटड आई एग्जाम जांच कराएं।

**नॉर्मल ब्लड प्रेशरः** हाई बीपी और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखें क्योंकि ये आंखों की नसों को नुकसान पहुंचाते हैं।

**स्वस्थ जीवनशैलीः** रोजाना व्यायाम करें, वजन नियंत्रित रखें और पौष्टिक आहार लें। इस संदर्भ में अपने डॉक्टर या डाइटिशियन से परामर्श लेना बेहतर रहेगा।

**धूम्रपान से दूरीः** सिगरेट या तंबाकू का सेवन



पूरी तरह बंद कर दें, क्योंकि ये रक्त वाहिकाओं (ब्लड वेसल्स) पर तेजी से प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं।

**दवाएं समय पर लेंः** डॉक्टर द्वारा दी गई डायबिटीज की दवा या इंसुलिन का सेवन बिना चूके सही समय पर करें।

**इलाज के तरीकेः** डायबिटिक रेटिनोपैथी के ट्रीटमेंट के लिए कुछ तरीके उपलब्ध हैं।

**इंट्राविट्रियल इंजेक्शनः** आंख के पर्दे में अगर सूजन आ जाए तो इसको रोकने के लिए नेत्र विशेषज्ञ के परामर्श से एंटी-वीईजीएफ इंजेक्शन दिए जाते हैं।

**लेजर उपचार (फोटोकोएगुलेशन):** लेजर किरणों की मदद से लीक हो रही या कमजोर खून की नसों को सुखाया जाता है ताकि वे आंख में और अधिक नुकसान न पहुंचा सकें।

**विट्रेक्टॅमीः** जब आंख के अंदर बहुत अधिक खून भर जाए या पर्दा अपनी जगह से उखड़ने लगे (जिसे मेडिकल भाषा में रेटिनल डिटैचमेंट कहते हैं) तब इस प्रकार की सर्जरी की जाती है।

**सही डाइट का करें सेवनः** डायबिटिक रेटिनोपैथी के पेशेंट का खान-पान ऐसा होना चाहिए, जो ब्लड शुगर को नियंत्रित रखे, आंखों की नसों को मजबूत बनाए और सूजन कम करे। जैसे-

- हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक और ब्रोकली आदि को खानपान में शामिल करना लाभप्रद है। हरी पत्तेदार सब्जियों को अच्छी तरह धोकर ही इस्तेमाल करें।
- ओमेगा-3 से भरपूर चीजें जैसे अखरोट, अलसी के बीज, चिया सीड और फैटी फिश (जैसे सैल्मन या टूना) आंखों की रक्त वाहिकाओं को स्वस्थ रखने में लाभप्रद हैं। इनका सेवन करें।
- जौ, बाजरा, रागी, ओट्स और मल्टीग्रेन आटे की रोटी का सेवन करें, जो शुगर को तेजी से नहीं बढ़ने देते।
- जामुन, संतरा, अमरूद और पपीता का सेवन करें, क्योंकि इन फलों में एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन सी होते हैं।

**क्या न खाएंः** अगर आप डायबिटिक रेटिनोपैथी के पेशेंट हैं तो कुछ फूड्स का सेवन करने से बचें।

- मिठाइयां, कोल्ड ड्रिंक, पैकेट वाले फ्रूट जूस और शहद से दूर रहें।
- मैदा, सफेद ब्रेड, पास्ता और सफेद चावल खाने से बचें।
- चिप्स, जंक फूड्स और ज्यादा नमक वाले डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ ब्लड प्रेशर और शुगर दोनों बढ़ाते हैं। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला

# संसद में भगवा स्वांग



संसद भवन कोई नाटक खेलने या स्वांग रचने का मंच नहीं है। वह देश के गणतंत्र का सर्वोच्च, पवित्र, गरिमामय और मर्यादित मंच है। बेशक हमारे माननीय सांसदों ने ही इसकी गरिमा, छवि सवालिया की है। बेशक संसद परिसर में सांसद और राजनीतिक समूह विरोध-प्रदर्शन कर सकते हैं, धरने भी दिए जाते रहे हैं, लेकिन ऐसे ढोंग, नौटंकी पर उन्हें ही विचार करना चाहिए कि ये देशहित, जनहित और असंख्य आस्थाओं के पक्ष में है अथवा नहीं! बिहार से निर्दलीय सांसद (कांग्रेस समर्थक) पप्पू यादव ने संसद परिसर में जो कुछ भी किया, निश्चित रूप से वह सनातन-विरोधी था। प्रभु श्रीराम का अपमान भी था। मिथ्या, खोखले आरोपों का नाटकीय मंचन भी था। पप्पू यादव संसद भवन को राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय का प्रतीक भी नहीं दे सकते। साधु-संतों ने अयोध्या के राम मंदिर में चंदा-चढ़ावे की चोरी-डकैती की, ऐसा कोई साक्ष्य, आरोप या जांच-दल का निष्कर्ष नहीं है। इस मुद्दे पर संसद के भीतर विचारोत्तेजक, आरोपिया बहस की जानी चाहिए और मोदी सरकार-भाजपा को जवाब देने को बाध्य किया जाना चाहिए। पप्पू यादव का साधु-वेश धारण करना और चंदा-चोरी का प्रतीकात्मक अभिनय करना कमोबेश संसद भवन में नहीं किया जाना चाहिए था। पूर्णिया के लाखों लोगों ने उन्हें इसलिए निर्वाचित नहीं किया है। संविधान लागू हुए 76 वर्ष बीत चुके हैं और 18वीं लोकसभा अभी अस्तित्व में है, लेकिन ऐसी अपमानजनक राजनीति का नाटक हमने नहीं सुना और बीते तीन दशकों से देखा भी नहीं है। सचमुच प्रभु श्रीराम के मंदिर में यह चोरी-डकैती अत्यंत नीच, घटिया किस्म का भ्रष्टाचार है। जब चोरी के पैसे से बनाई गई संपत्तियों पर बुलडोजर चलाए जाएंगे, तो भी राजनीतिक दल चिल्ल-पौं करेंगे।

बहरहाल इस संदर्भ में जो कार्रवाई की जानी चाहिए थी, वह की गई है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय बंसल का इस्तीफा मंजूर हो चुका है और नए महासचिव पदासीन हो रहे हैं। जो चेहरे सवालिया और कलंकित हैं, उनसे पुलिस और जांच-दल ने पूछताछ की है। पप्पू ने ऐसे कुछ जिम्मेदार लोगों को चोर कहा है, जो कानूनन उचित नहीं है। जांच अभी जारी है। सर्वोच्च अदालत तक मामला पहुंच चुका है और अदालत ने एसआईटी की रपट का अभी तक का ब्यौरा मांगा है। कई कलंकित, भ्रष्ट चेहरे अब भी जेल में हैं और पुलिस उनसे सिलसिलेवार पूछताछ कर रही है। यकीनन राम मंदिर के भीतर का यह अपराध एक आस्थावान वर्ग के लिए आध्यात्मिक आघात से कम नहीं है। यदि यह अपराध कुछ कुकर्मी न करते, तो यह मुद्दा ही न बनता, सनातन अपमानित न होता और पप्पू यादव जैसे सांसद संसद भवन में ही नाटक न करते, लेकिन अब यह राजनीतिक, चुनावी मुद्दा बना दिया गया है। पप्पू यादव के ड्रामे में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, अयोध्या-फैजाबाद के सपा सांसद अवधेश प्रसाद, सपा सांसद डिंपल यादव आदि विपक्ष के कई चेहरे सम्मिलित थे। पप्पू नाटक कर रहे थे और चंदे के रुपए अपनी जेब में डाल रहे थे। चंदा चोरी का नाटकीय मंचन किया जा रहा था। उनके सहयोगी सांसदों ने प्रतीकात्मक तौर पर उनकी पिटाई भी की। पप्पू चंदे की पेटी लेकर भागने लगे, तो उनसे वह पेटी छीनने का प्रयास भी किया गया। यकीनन इस नाटक ने कुछ हिंदूवादी संगठनों, साधु-संतों और सांसदों को भी आक्रोशित किया। साधु-संतों ने अयोध्या, प्रयागराज, लखनऊ जैसे शहरों में जुलूस निकाले, पप्पू के स्वांग की भर्त्सना की और प्राथमिकियां दर्ज कराई गईं। इनके नतीजतन पप्पू यादव के सरकारी आवास में घुस कर हमलावरों ने सांसद पर हमला किया। जूते-चप्पल उनकी ओर उछाले और टीवी चैनलों पर एक बड़ा-सा चाकू दिखाया गया। सांसद का कहना था कि हमलावर उन्हें मारने आए थे। आज जनता न होती, तो कुछ भी अनिष्ट हो सकता था। बहरहाल सांसद के समर्थकों ने हमलावर को पकड़ कर खूब धुनाई की। बहरहाल इस संदर्भ में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है, लिहाजा कानूनी कार्रवाई उसी पर छोड़ देनी चाहिए। कुछ टीवी एंकर व्यर्थ में उछल रहे हैं और अपना गला फाड़ रहे हैं। वे देश के कानून नहीं हैं। हमारी बुनियादी चिंता और सरोकार संसद के प्रति है। स्पीकर ने पप्पू यादव के स्वांग की निंदा की है। यही पर्याप्त नहीं है। यह दंडनीय नाटक था, लिहाजा स्पीकर को दंडनीय फैसला सुनाना चाहिए। राम मंदिर के चढ़ावे में जो हेराफेरी हुई है, उसकी जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। सुप्रीम कोर्ट की इस मामले पर पूरी पहरेदारी है। कुछ कार्रवाई हो चुकी है, जबकि सिस्टम को सुधारने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं। दोषियों को निश्चित रूप से दंड मिलना ही चाहिए तथा ऐसे कदम उठाए जाने की कोशिश की जा रही है, कि भविष्य में कोई भी इस तरह की हेराफेरी न कर पाए। आगामी चुनाव से पहले इस मसले को सत्ता विरोधी मुद्दा बनने से रोकने की पहल सरकार जरूर करेगी। सत्ता में रहने के लिए यह जरूरी भी है।